


सांध्य दैनिक
# श्रीकंचनपथ
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25




वर्ष- 15 अंक - 219 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरूवार 23 मई 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

# मतदान की उलझनों में फंस गए प्रत्याशी

## कहां, कौन, किसका बिगाड़ रहा खेल, कहीं ज्यादा तो कहीं कम मतदान ने बढ़ाई टेंशन

### इन क्षेत्रों में भी हुई ज्यादा वोटिंग



दुर्ग लोकसभा सीट के पाटन की बात करें तो वहां पर कांग्रेस जीती हुई है। यहां पर 2019 में 73 फीसदी मतदान हुआ था। जबकि 2024 में 81.98 फीसदी मतदान हुआ है। वहीं, भिलाई नगर की बात करें तो भिलाई नगर में 64.40 फीसदी मतदान हुआ था। सिर्फएक सीट ऐसी है जिसमें 2024 में 64.32 फीसदी मतदान हुआ है जो पिछले साल से थोड़ा कम है। बिलासपुर के मस्तूरी विधानसभा सीट की बात करें तो यहां 2019 में 53 फीसदी मतदान हुआ था। जबकि 2024 में 59.2 फीसदी मतदान हुआ है। कोटा विधानसभा सीट कांग्रेस की जीती हुई है। यहां 2019 के पिछले लोकसभा चुनाव में 58 फीसद मतदान हुआ था। इसके मुकाबले में इस बार यानी 2024 में 69.66 फीसद मतदान हुआ है। रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र की सारंगढ़ विधानसभा सीट पर कांग्रेस का कब्जा है। यहां 2019 में 62 फीसद मतदान हुआ था, जबकि इस बार यहां 74.6 फीसद मतदान हुआ है। इसी तरह खरसिया सीट कांग्रेस के कब्जे में है। यहां 2019 के लोकसभा चुनाव में 74.6 फीसदी मतदान हुआ था जबकि 2024 में 84.6 फीसदी मतदान हुआ है। लैलूंगा विधानसभा सीट भी कांग्रेस के कब्जे में है। यहां 2019 के लोकसभा चुनाव में 72.5 फीसद मतदान हुआ था। वहीं इस बार इस विधानसभा सीट में कुल 84.6 फीसद मतदान हुआ है।

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मतदान के पश्चात जहां राजनीतिक दल अपनी जीत के प्रति आश्वस्त हैं, वहीं दूसरी ओर प्रत्याशियों के समक्ष कई तरह की उलझनें हैं। किस क्षेत्र में, कौन, किसका खेल बिगाड़ रहा है, इस पर अब भी चिंतन-मनन चल रहा है। कई क्षेत्रों में ज्यादा वोटिंग को लेकर प्रत्याशी परेशान हैं तो कहीं कम वोटिंग से। हालांकि जैसे-जैसे मतगणना की तारीख नजदीक आ रही है, प्रत्याशियों की धड़कनें भी बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ की कुल 7 लोकसभा सीटों के 58 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा व कांग्रेस का समीकरण एक दूसरे पर भारी पड़ता दिख रहा है। कहीं भाजपा की स्थिति कमजोर नजर आ रही है तो कहीं कांग्रेस का हाथ साथ छोड़ता दिख रहा है। प्रत्याशियों की चिंता की सबसे बड़ी वजह भी यही है। माना जाता है कि जिन सीटों पर ज्यादा मतदन होता है, वहां के नतीजे सरकार के पक्ष में कम ही जाते हैं।

तीन चरणों में मतदान की प्रक्रिया खत्म होने के बाद जनमत ईवीएम में कैद हो चुका है और 4 जून का इंतजार राजनीतिक दलों के साथ ही प्रत्याशियों पर भी भारी पड़ रहा है। जीत-हार का गुणा-गणित बैठाने में जुटे राजनीतिक दलों ने नतीजों को लेकर आंकलन शुरू किया था। प्राथमिक समीक्षा के बाद भाजपा ने सभी सीटों पर जीत का दावा किया, लेकिन कांग्रेस का आंकलन इससे सर्वथा अलग रहा। कांग्रेस को उम्मीद है कि वह कम से कम 4 से 5 सीटें जीततने जा रही है। अब भी कई सीटों पर हुए मतदान का बारीक मूल्यांकन किया जा रहा है। जानकारों की मानें तो छत्तीसगढ़ में सात लोकसभा सीटों के 58 विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं, जहां भाजपा और कांग्रेस दोनों का पूरा समीकरण एक दूसरे पर भारी पड़ता दिख रहा है। छत्तीसगढ़ में एक लोकसभा क्षेत्र के 8 विधानसभा क्षेत्र ऐसे भी हैं जहां भाजपा की स्थिति कमजोर है। विधानसभा में इन आठ सीटों पर कांग्रेस का कब्जा है। इन्ही विधानसभा क्षेत्रों में 12 फीसद ज्यादा मतदान दर्ज किया गया है। ऐसा माना जाता है जिन सीटों पर ज्यादा मतदान होता है,वहां के नतीजे सरकार के पक्ष में कम ही जाते हैं। फिर भी जिन क्षेत्रों में कांग्रेस की पकड़ मजबूत है वहां ज्यादा मतदान का होना सत्तारूढ़ दल के लिए चिंता का सबब जरूर है।

### कांग्रेस विधायकों के क्षेत्र में बढ़ा मतदान

जांजगीर चांपा, अकलतरा, सक्ती, चंद्रपुर, जैजैपुर, बिलाईगढ़, कसडोल में कांग्रेस ने 2023 के विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी। अब 2024 के लोकसभा चुनाव में इन सीटों की बात करें तो सभी सीटों पर 2019 की तुलना में 2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ा है। जांजगीर चांपा की बात करें तो 2019 में यहां 67.50 वोट पड़े थे, जबकि 2024 में 73.01 फीसदी मतदान हुआ है। अकलतरा में 63.50 फीसदी मतदान हुआ था जबकि 2024 में 71.39 फीसदी मतदान हुआ है। सक्ती में 2019 में 69.95 फीसदी मतदान हुआ था जबकि 2024 में 71.79 फीसदी मतदान हुआ है। चंद्रपुर में 60.02 फीसदी हुआ था जबकि 2024 में 68.88 फीसदी मतदान हुआ है। जैजैपुर में 2019 में 59.31 फीसदी मतदान हुआ था जबकि 2024 में 65.01 फी सदी मतदान हुआ है। वहीं, पामगढ़ में 2019 में 59.41 फीसदी के मुकाबले 2024 में 64.48 फीसदी मतदान हुआ है। जबकि बिलाईगढ़ में 60.4 0 फीसदी मतदान 2019 में हुआ था जबकि 2024 में 65.24 फीसदी मतदान हुआ है। इसी तरह कसडोल में 55.40 मतदान 2019 में हुआ था जबकि 2024 में 64 फीसदी मतदान हुआ है।

### मतगणना से पहले कांग्रेस की अहम् बैठक

राजनीतिक दलों में काउंटिंग को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। कांग्रेस ने काउंटिंग को लेकर तैयारी करनी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में बुधवार को कांग्रेस वार रूम में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई, जिसमें मतगणना के दौरान पार्टी प्रतिनिधियों को किन बातों का ख्याल रखना है ,कैसे नजर रखनी है ,कहीं भी मतगणना में गड़बड़ी होती है तो उस पर क्या करना है, इन सारी बातों की चर्चा की गई। साथ हर लोकसभा में मतगणना केंद्र में जाने वाले प्रतिनिधियों को कई टिप्स भी दिए गए। छत्तीसगढ़ कांग्रेस वॉर रूम के प्रभारी शैलेष नितिन त्रिवेदी के मुताबिक, कांग्रेस की इस बैठक में सभी लोकसभा प्रभारियों को बुलाया गया था। मतगणना को लेकर उनकी राय ली गई। इसके अलावा काउंटिंग को लेकर भी चर्चा हुई है। कैसे निष्पक्ष मतदान को लेकर कार्ययोजना बनानी है इस पर भी चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि मतगणना एजेंट को प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्हें इस बात की जानकारी दी गई है कि किस तरह से मतगणना केंद्र में वोटों का मिलान करना है। वीवीपैट और एवं उसमें पड़े फोटो की किस तरह से जानकारी हासिल करनी है। उनमें यदि किसी तरह का अंतर पाया जाता है तो उस पर विशेष नजर रखनी है। इसकी सूचना वॉर रूम को देनी है। त्रिवेदी के मुताबिक, हमारी कोशिश है कि सही तरीके से मतगणना हो। हमें विश्वास है कि यदि मतगणना निष्पक्ष रूप से हुई तो छत्तीसगढ़ में नहीं पूरे देश में कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत होगी।

## खास-खबर

### पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, फायरिंग जारी

**जगदलपुर।** बीजापुर, दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। तीनों जिलों से 1 हजार से ज्यादा जवान ऑपरेशन पर निकले हैं। बताया जा रहा है कि, सुबह से ही रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही है। सूत्र के मुताबिक कुछ नक्सलियों को गोली लगी है। पुलिस को सूचना मिली थी अबूझमाड़ के रेकावाया इलाके में बड़े कैडर के नक्सली मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर पुलिस फोर्स ने संयुक्त ऑपरेशन लॉन्च किया है। जिसमें दंतेवाड़ा, बस्तर और नारायणपुर जिले से डीआरजी और एसटीएफ के लगभग 1 हजार से ज्यादा जवान ऑपरेशन पर निकले थे। वहीं, आज सुबह नारायणपुर की फोर्स के साथ मुठभेड़ हो गई। सूत्रों के मुताबिक कुछ नक्सलियों को गोली लगी है। हालांकि अधिकारियों के तरफ से पुष्टि नहीं हुई है। दंतेवाड़ा एएसपी गौरव राय ने बताया कि, नारायणपुर पुलिस की टीम के साथ गोलीबारी हुई है। जवान लौटेंगे, तभी स्पष्ट हो जाएगा।

### धरा गया बाइक चोर गिरोह, 15 दुपहिया बरामद

**धमतरी।** धमतरी पुलिस ने बाइक चोर गिरोह को पकड़ने में सफलता हासिल की है। इस गिरोह के 2 नाबालिगों समेत 4 लोगों को पकड़कर कुल 15 दुपहिया वाहनों को बरामद किया गया है। आरोपी देशी शराब भट्ठी के पास बिना नंबर की लग-अलग बाइक बेचने की फिराक में थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चार लोगों की धरपकड़ की। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उन्होंने महासमुंद, रायपुर, फिंगेश्वर और राजिम क्षेत्रों से चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### पत्रकार की पत्नी की हत्या : घर में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एक वरिष्ठ पत्रकार की पत्नी की मौत का मामला सामने आया है। यह घटना सीएसईबी कॉलोनी में महिला के आवास पर घटी है। मामला सिविल लाईन थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ पत्रकार विश्वेश्वर शर्मा की पत्नी जानकी शर्मा सीबीएसई कॉलोनी के क्वार्टर नंबर 569 में अकेली रहती थी। बताया जा रहा है कि दरवाजा नहीं खोलने पर पड़ोसियों ने पुलिस में फोन कर इस घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर घर का दरवाजा तोड़कर देखा तो विश्वेश्वर शर्मा की पत्नी मृत हालात में मिली।

सिविल लाईन पुलिस ने जानकी शर्मा (मृतिका) के परिजनों को घटना की जानकारी दी।

# सिम्स मेडिकल कॉलेज पर 3 लाख का जुर्माना, एनएमसी ने कमियां दूर नहीं करने पर दी चेतावनी

**बिलासपुर।** प्रदेश के बिलासपुर जिला स्थित सिम्स मेडिकल कॉलेज पर 3 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही इन कर्मियों को 2 माह के भीतर दूर करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि एनएमसी ने इन निर्देशों के पालन नहीं करने के पर एमबीबीएस की सीटें कम करने की चेतावनी दी गई हैं। बता दें कि नेशनल मेडिकल कमीशन ऑनलाइन माध्यम से इन सभी मेडिकल कालेजों पर विशेष नजर रखती है। इसके साथ ही समय-समय पर कॉलेजों को इनकी कमियां दूर करने के सन्दर्भ में दिशा-निर्देश देने का भी कार्य करती हैं। बता दें कुछ दिन पहले ही एनएमसी ने इस विषय पर वर्चुअल बैठक ली थी। जिसमें प्रदेश के लगभग सभी शासकीय मेडिकल कॉलेजों और सिम्स के प्रोफेसर और केडीन भी जुड़े हुए थे।

इसके साथ ही इन सभी मेडिकल कॉलेज की फैकल्टी की गिनती की गई तो इसमें काफी कमियां सामने आई हैं। जिससे यह पता चला की यहां पर पर्याप्त मात्रा में न ही प्रोफेसर हैं और नहीं न डॉक्टर हैं, वह असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। जिस वजह से यह पर एमबीबीएस की पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट की पढ़ाई काफी प्रभावित हो रही है। सूत्रों के मुताबिक सिम्स मेडिकल कॉलेज में कर्मचारियों के साथ ही 43 फीसद सीनियर रेसीडेंट और जूनियर रेसीडेंट, 20 फीसदी फैकल्टी के अलावा यहां पर कुछ जरूरी जांच की मशीनों की भी खास कमी जांच के दौरान सामने आई हैं। इन सब के अलावा मेडिकल कालेज में सी-आर्म मशीन और लैब में रीएजेंट की भी कमी हैं। ऐसे में संसाधन और फैकल्टी की कमी के चलते ही यहाँ के मरीजों को भारी संख्या में दूसरे जगह पर रेफर किया जा रहा हैं। यही वजह है कि, मेडिकल कॉलेज पर इस दौरान लगभग तीन लाख रुपये का जुर्माना देने चार्ज लगे हैं।

# तूफानी रफ्तार से आ रहा प्री-मानसून, जल्द बदलेगा मौसम

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में प्री मानसून की दस्तक होने जा रही है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि 26 मई से प्री मानसून की बारिश हो सकती है। फिलहाल प्री मानसून तूफानी रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। कल बुधवार को दिनभर की उमस भरी गर्मी के बाद शाम को अचानक मौसम बदला और रायपुर, दुर्ग, बालोद और राजनांदगांव में तेज हवा के साथ झमाझम बारिश हुई।



40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली हवा ने कई जिलों में ब्लैक आउट कर दिया। कहीं पेड़ उखड़ गए तो बालोद जिले में एक निर्माणाधीन राइस मिल की इमारत गिर गई। कहीं-कहीं बिजली के खंभे गिरने की जानकारी सामने आई है। मौसम विभाग ने पहले ही बुधवार शाम और रात के लिए तेज हवा के साथ बारिश होने की चेतावनी जारी की थी। 04 दिनों में पूरे प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा। एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम राजस्थान से बांग्लादेश तक स्थित है। प्रदेश में प्रचुर मात्रा में नमी का आ रही है। गुरुवार को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात हो सकता है।


मानसून के छत्तीसगढ़ में प्रवेश के पहले 26, 27, 28 मई को इस सीजन का सबसे गर्म दिन हो सकता है। इसके बाद से प्री-मानसून सक्रिय होने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा के मुताबिक अगले सप्ताह प्रदेश में उत्तर पश्चिमी हवाओं की एंट्री होगी, जिससे पारा एक साथ बढ़ेगा। इस दौरान गरज, चमक, बारिश और आंधी लगाने वाले सभी सिस्टम समाप्त हो जाएंगे। इन तीन दिनों में पारा अपने चरम पर हो सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों तक दिन में गर्म और शाम को गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना बनी रहेगी। एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर 25 मई को शाम को पहुंचाने की संभावना है। जिससे दक्षिण की हवाओं का रुख बंगाल की खाड़ी की ओर हो जाएगा। जिससे प्रदेश में उत्तर-पश्चिम हवाओं की असर बढ़ जाएगा और तेज गर्मी पड़ेगी। दक्षिण पश्चिम मानसून के उत्तरी सीमा मायाबंदर है। दक्षिण पश्चिम मानसून आगे बढ़ते हुए दक्षिण अरब सागर, मालदीव के कुछ भाग, कोमरान क्षेत्र, दक्षिण बंगाल की खाड़ी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा अंडमान सागर तक पहुंच चुका है। दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियों अनुकूल बनी हुई है। जिसके कारण दक्षिण बंगाल की खाड़ी के कुछ और भाग, अंडमान और निकोबार दीप समूह के बचे हुए भाग, अंडमान सागर और पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग तक अगले 24 मई तक पहुंचने की संभावना है।

# शंटिंग स्टॉफ पर मेहरबान हुआ रेलवे

## सुरक्षा उपकरणों के साथ ही मिलेंगे रेनसूट, जैकेट, सेफ्टी बूट और टार्च

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** भारतीय रेल में प्रतिदिन 22,000 हजार से अधिक यात्री ट्रेनें व मालगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन की जिम्मेदारी निभा रहे लाखों रेल संरक्षा कर्मियों (शंटिंग स्टॉफ) को समय पर सुरक्षा उपकरण व वर्दी मिलेगी। रेलवे बोर्ड ने इस बाबत नए आदेश जारी किए हैं। रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कई जोन में रेल संरक्षा कर्मियों गेटमैन, प्वाइंटमैन, केबिनमैन, लीवरमैन आदि को समय पर वर्दी-सुरक्षा उपकरण नहीं उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसको लेकर रेलवे बोर्ड ने उक्त संरक्षा कर्मियों को सुरक्षा उपकरण व वर्दी वितरित करने के आदेश जारी किए हैं।




आदेश के तहत वॉटरप्रूफ रेनकोट के लिए सालाना 1200 रुपए, सर्दियों में जैकेट के लिए दो साल में 2500 रुपये मिलेंगे। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत जैकेट, ट्राउजर, दस्ताने, स्नो बूट, कैप आदि के लिए 10,000 रुपए का प्रावधान किया गया है। सेफ्टी बूट व टार्च के लिए 24,00 रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि हर साल सुरक्षित ट्रेन परिचालन में 200 से अधिक संरक्षाकर्मी दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। उनकी सुरक्षा के लिए जरूरी उपाय का प्रबंध करने और समय पर उपलब्ध कराने हेतु जोनल रेलवे को सख्त आदेश दिए गए हैं।

### लेवल-5 तक प्रमोशन देने का प्रस्ताव तैयार

रेलवे बोर्ड ने प्वाइंटमैन के लिए लेवल-5 तक प्रमोशन देने का प्रस्ताव तैयार किया है। इससे उनके वेतन में भारी बढ़ोत्तरी हो जाएगी। इस बाबत् वित्त मंत्रालय को प्रस्ताव भेज दिया है। वहां से हरी झंडी मिलने के बाद इसे लागू किया जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में प्वांइटमैन लेवल-एक (ग्रेड पे- 1800 रुपए) पर भर्ती होते हैं। आजीवन नौकरी करने के बाद लेवल-दो (ग्रेड पे- 1900 रुपए) पर सेवानिवृत्ति हो जाते हैं। अधिकारी ने बताया कि नए प्रस्ताव में प्वाइंटमैन वर्ग में लेवल-एक व दो के अलावा लेवल-चार व लेवल-पांच तक प्रमोशन का प्रावधान किया जाएगा। लेवल-चार में प्वाइंटमैन को 2400 रुपये व लेवल-पांच में 2800 रुपये का ग्रेड पे मिलेगा।

# चलो चुनाव आयोग को बधाई दे दें

श्रीकंचनपथ न्यूज




चलो चुनाव आयोग को बधाई दे दें। भई बहुत बड़ा काम किया है इस शीर्ष संस्था ने जिसके पास बेशुमार अधिकार और शक्तियां हैं। निर्वाचन आयोग ने 22 मई को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को अंततः नोटिस जारी कर ही दिया। छठे चरण का मतदान 25 मई को होना है। आयोग ने दोनों पार्टियों के अध्यक्षों और स्टार प्रचारकों से अपने भाषण को सही करने, सावधानी बरतने और मर्यादा बनाए रखने के लिए कहा। निर्वाचन आयोग ने यह नोटिस तब जारी किया है जब चुनाव अपने अंतिम चरण में है। कुल सात में से पांच चरणों के मतदान हो चुके हैं। जिसका जो बनना-बिगड़ना था, बन बिगड़ गया। पूरा चुनाव मंदिर और सनातन के इर्दगिर्द घूमता रहा। आयोग ने दोनों प्रमुख दलों के स्टार प्रचारकों को धार्मिक और साम्प्रदायिक बयानबाजी नहीं करने के निर्देश भी दिये हैं। छठे चरण में 8 राज्यों की 58 सीटों पर चुनाव है। इनमें उत्तर प्रदेश की 14, बिहार की 8, हरियाणा की 10, दिल्ली की 7, पश्चिम बंगाल की 8, झारखंड की चार, ओडिशा की 6 और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर मतदान होना है। पिछली बार इनमें से 40 सीटों पर भाजपा की जीत हुई थी। कांग्रेस को यहां एक भी सीट नहीं मिली थी। किसी भी चुनाव में माहौल बनाने का काम काफी पहले हो जाता है। एक दिन पहले चुनाव प्रचार रोक भी दिया जाता है। इस लिहाज से निर्वाचन आयोग का यह डंडा बहुत देर से चला है। वैसे भी जिस तरह की बातें राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक कर रहे हैं, वो आपत्तिजनक हैं। कोई कह रहा है कि भाजपा फिर सत्ता में आई तो संविधान बदल देगी। भाजपा कह रही है कि कांग्रेस सत्ता में आई तो राम मंदिर पर बुलडोजर चलवा देगी। इन दोनों ही बातों का कोई सिर पैर नहीं है। आतंकवाद को लेकर, नक्सलियों को लेकर भी अनर्गल बातें कही जा रही हैं। दरअसल, यही वो बातें हैं जो देश को मुद्दाविहीन राजनीति की ओर धकेल रही है। आज कोई भी बढ़ती कीमतों, सरकारी खजाने के अपव्यय, रोजगार का अभाव, राष्ट्रीय संपदा को निजी हाथों में सौंपने जैसे मुद्दों पर चर्चा करने को तैयार नहीं है। देश फिलहाल गुस्से में है। वह एक को पूरी तरह निपटा देना चाहते हैं। यह भी मरे को मारने जैसा है। यदि भाजपाई कांग्रेस का नाम लेना बंद कर देते तो शायद वह खुद ब खुद खत्म हो जाती। पर इसके बाद एक नए विपक्ष का उठ खड़ा होना भी लाजिमी होता। भाजपा किसी भी कीमत पर यह होने नहीं देना चाहती। उसके पास कांग्रेस को कोसने के लिए काफी मसाला है। नई पार्टी के बारे में कुछ कहने के लिए उसे नए सिरे से मेहनत करनी पड़ेगी। इतनी सिर खपाई कौन करे। इससे तो अच्छा है कि कांग्रेस को जिंदा रखा जाए और चर्चाओं को राहुल पर ही केन्द्रित रखा जाए।



## संपादकीय

# किसके 300 के दावे में कितना दम है

इस लोकसभा चुनाव की खास बात यह रही कि इस बार चुनाव की तारीखों की घोषणा के पहले ही पीएम मोदी ने पूरे विश्वास से कह दिया था कि वह तीसरी बार भी पीएम बनेंगे। इसके बाद उन्होंने यह भी पूरे भरोसे से कह दिया था कि इस बार भाजपा को 370 सीटें व एनडीए को 400 प्लस सीटें मिलेंगी। यह मोदी की जीत की ऐसी रणनीति थी जिसमें वह चुनाव के पहले ही देश के लोगों को यह संदेश देने में सफल रहे कि इस चुनाव में जीत तो भाजपा रही है।

> लोकसभा चुनाव के लिए पांच चरणों का मतदान हो चुका है। अब दो चरणों का ही मतदान होना है। चार सौ से ज्यादा सीटों पर मतदान हो चुका है यानी जनता ने तय कर दिया है कि वह किसके साथ है। महज 100 से ज्यादा सीटों पर जनता को फैसला करना है कि वह किसके साथ है।

विपक्ष हार रहा है। इसमें यह मैसेज जनता के लिए था कि वह अपना वोट भाजपा को दें क्योंकि जीत तो भाजपा रही है, अपना वोट कांग्रेस को देने का मतलब अपना वोट खराब करना है। इसमें मोदी व भाजपा काफी हद सफल रहे। देश में निचले स्तर तक यह संदेश चला गया कि जीत तो भाजपा रही है। बहुमत तो भाजपा को मिलना तय है।भाजपा का अपने नेताओ व कार्यकर्ताओं को इस बात के लिए प्रेरित किया कि जीत तो हम रहे है, लेकिन सबको इस जीत को ऐतिहासिक बनाने का प्रयास करना चाहिए। यानी भाजपा को 370 के लिए प्रयास करना चाहिए और एनडीए को 400 प्लस के लिए प्रयास करना चाहिए। यह थी पीएम मोदी की लोकसभा चुनाव जीतने की रणनीति।

पीएम मोदी अपनी सभा में जनता से यह नारा लगवा कर कि अब बार चार सौ पार जनता को भरोसा दिलाते थे कि हम चार सौ पार कर रहे हैं, जनता इस पर भरोसा कर भाजपा को वोट देती है तो यह को भाजपा के लिए फायदे की बात है। आधा काम हम जीत रहे हैं का भरोसा पीएम मोदी देश को दिलाते हैं और बचा हुआ शेष काम अमित शाह हर चरण के मतदान मे भाजपा कितन सीटे जीत चुकी है बताकर पूरा कर देते हैं। मतदान के पहले सभा में पीएम मोदी कहते हैं कि हम जीत रहे हैं। मतदान के बाद अमित शाह बताते हैं कि हम कितनी सीटें जीत चुके हैं। चौथ चरण में शाह ने बता दिया था कि भाजपा को बहुमत मिल चुका है और पांचवें चरण में भाजपा 300 से ज्यादा सीटें जीत चुकी हैं।कांग्रेस, राहुल गांधी, खरगे, विपक्ष के नेता पीएम मोदी की इर रणनीति को तब समझ पाए जब बाजी उनके हाथ से निकल चुकी है। यानी पांच चरण के चुनाव हो चुके हैं।

अब जाकर केजरीवाल,एम.खरगे, ममता आदि कह रहे हैं कि विपक्षी गठबंधन को तीन सौ से ज्यादा सीटें मिल रही हैं। सरकार इंडी गठबंधन की बन रही है। कांग्रेस व विपक्षी दलों के नेताओं को तीन सौ से ज्यादा सीटें जीतने का दावा तो तब करना था जब पीएम मोदी ने 370 व 400 प्लस की बात पहली बार कही थी। तब विपक्ष इसी बात में उलझा रहा कि भाजपा 370 कैसे पा सकती है, नहीं ला सकती, संभव नहीं है। चार सौ प्लस एनडीए नहीं ला सकता। संभव नहीं है। पीएम मोदी व भाजपा ने कांग्रेस सहित पूरे विपक्ष को इसी में उलझा दिया कि भाजपा कैसे कह रही है कि उसे 370 और एनडीए को 400 प्लस सीटें मिल रही हैं। इसके बाद राहुल गांधी आदि सब यह बताने लग गए कि भाजपा को कितनी कम सीटें मिल रही हैं लेकिन अब इसका कोई असर नहीं होना था क्योंकि नीचे तक तो भाजपा का संदेश चला गया था कि भाजपी जीत रही है। पांचवं चरण के मतदान के बाद कांग्रेस व विपक्ष को पता चला कि पीएम मोदी व भाजपा की चुनाव जीतने की रणनीति के कारण विपक्ष को नुकसान हो चुका है तो वह छठे व सातवें चरण के मतदान में नुकसान से बचने के लिए कह रहे है कि विपक्षी गठबधन को तीन सौ से ज्यादा सीटें मिल रही हैं। विपक्ष को पीएम मोदी की चुनाव जीतने की रणनीति के कारण जितना नुकसानहो होना था वह तो हो चुका है।

उसकी भरपाई अब विपक्ष कुछ भी कर ले हो नहीं सकती।अमित शाह तो कह चुके हैं कि भाजपा तीन सौ से ज्यादा सीटें जीत चुकी है, प्रशांत किशोर जैसा चुनावी रणनीतिकार भी मान रहा है कि भाजपा को तीन सौ से ज्यादा सीटें इस चुनाव में मिलेंगी तो यह एक तरह से शाह की बात की पुष्टि की तरह है। यानी अमित शाह व प्रशांत किशोर जो कह रहे है,उसमें दम लगता है, कांग्रेस अध्यक्ष एम खरगे व केजरीवाल जो कह रहे है, उसमें कोई दम नहीं है।

## भीषण गरमी से लोग परेशान

**देश के विभिन्न इलाकों में भीषण गरमी पड़ने से लोग परेशान हैं। दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, पंजाब व उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर 46-47 डिग्री तक पारा चला गया।**



मौसम विभाग द्वारा अगले पांच दिनों तक लू चलने तथा भीषण गरमी पड़ने का अनुमान जताया है। हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी इलाके में भी गरमी बढ़ रही है। गुजरात के तटीय इलाकों में गर्मी और उमस बढ़ गई है। दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब व राजस्थान के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है।

उप्र, बिहार व गुजरात ऑरेंज अलर्ट में हैं। 'कोढ़ में खाज' यह कि दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक भी खराब हो गया है। कार्बन डाईऑक्साइड यानी प्रदूषण बढ़ने से भी मौसम में शुष्कता बढ़ती जाती है। साथ ही राजस्थान से आने वाली हवाएं अभी दिल्ली को और भी झुलसाएंगी। अल नीनो तथा मजबूत सोलर आइसोलेसन के चलते तापमान लगातार बढ़ रहा है।

वैज्ञानिकों के अनुसार अलनीनो इफेक्ट मध्य व पूर्वी प्रशांत महासागर का तापमान सामान्य से बहुत ज्यादा हो जाता है। भीषण गरमी से जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हो जाता है। हालांकि बच्चों, बुजुगरे व बीमारों का ऐसे में विशेष ख्याल रखने को कहा जाता है, परंतु मौसम की इस मार से सतर्क रहने के हर किसी को प्रयास करने चाहिए।

इस भीषण गरमी के चलते लोगों को हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ रहा है। लू के चलते पेट संबंधी गड़बियां, तेज ज्वर, उल्टी-दस्त आम समस्या हैं।

काम के चलते लोगों को मजबूरी में घरों से बाहर निकलना ही पड़ता है। ऐसे में विशेषज्ञों की राय है कि वे खुद को अच्छी तरह लपेट कर, सिर को ढक कर और ढेर सारा पानी पीकर ही निकलें। लस्सी, शकिंजी, छाछ पीने तथा तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी खूब खाने की सलाह भी दी जा रही है।

कुल मिलाकर आम आदमी के लिए मौसम की मार से बचना लगभग नामुमकिन है। हालांकि ये विपदाएं प्राकृतिक हैं, इनसे सभी को जूझना है। मगर सरकारें चाहें तो दफ्तरों व सरकारी विभागों के काम के समय में परिवर्तन कर सकती हैं।

जो या जहां संभव हो, घर से काम की व्यवस्था लागू हो। साथ ही निजी कंपनियों व बाजार को निर्देश जारी कर भोर व देर रात काम की व्यवस्था का आदेश जारी कर सकती हैं। मौसम के अनुरूप व्यवस्था करने के लिए धन से अधिक नैतिक संबल व संवेदनशीलता की जरूरत है।

(आरएनएस)

## नजरिया

# भारत आकर ही भगवान बुद्ध को गहराई से जानना संभव

*कात्सू सान राजधानी दिल्ली में राजघाट पर हर साल 2 अक्तूबर और 30 जनवरी को आयोजित होने वाली सर्व-धर्म प्रार्थना सभाओं में उपस्थित रहती हैं। वह लगभग 55 वर्षों से इन सभाओं में बौद्ध धर्मग्रंथों से प्रार्थनाओं का पाठ करती हैं। वह मूलतः जापानी नागरिक हैं।*

आर के सिन्हा, वरिष्ठ स्तंभकार और पूर्व सांसद



1956 में भगवान बुद्ध का गहराई से अध्ययन करने के लिए भारत आई थीं। एक बार यहां आईं, तो उनका गांधीवाद से भी साक्षात्कार हो गया। उसके बाद तो उन्होंने भारत में ही बसने का निर्णय ले लिया। 86 साल की कात्सू सान कहती हैं कि बुद्ध को सही ढंग से जानना है, तो भारत में आना ही चाहिए। यहां आकर बुद्ध और गांधी, दोनों मिल जाते हैं। मगर श्रीलंका और थाईलैंड जैसे देशों में हर साल बौद्ध धर्म के करोड़ों अनुयायी विहारों के दर्शन के लिए पहुंचते हैं, जबकि हमारे यहां साल में एक करोड़ पर्यटक भी नहीं आते। यह स्थिति तब है, जब श्रीलंका मानता है कि बौद्ध धर्म उसे उपहार में भारत से ही मिला। जाहिर है, श्रीलंका के साथ-साथ थाईलैंड को भी बौद्ध पर्यटकों से हर वर्ष भारी मात्रा में विदेशी मुद्राएं मिलती होंगी।

भारत में जगह-जगह भगवान बुद्ध के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों के साथ-साथ एक समृद्ध बौद्ध विरासत है। भगवान बुद्ध का जहां जन्म हुआ, यानी लुंबिनी भले समझौते के तहत अंग्रेजों ने नेपाल को सौंप दिया, लेकिन बोधगया (जहां बुद्ध ने ज्ञान प्राप्त किया), सारनाथ (जहां से बुद्ध ने दिव्य ज्ञान देना शुरू किया), कुशीनगर (जहां बुद्ध का महापरिनिर्वाण हुआ) और दीक्षा भूमि नागपुर अपने देश में ही है। इतना ही नहीं, यहां के चप्पे-चप्पे पर बुद्ध के महत्वपूर्ण प्रतीक मिलेंगे। ऐसे में, अपने यहां दुनिया भर से कम संख्या में बौद्ध अनुयायियों का आना चौंकाता है। पिछले वर्ष जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा को भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क में लेकर गए थे। दरअसल, बुद्ध जयंती पार्क भगवान बुद्ध के निर्वाण के 2500वें वर्ष के स्मरणोत्सव के समय 1959 में तैयार किया गया था। यहां एक पीपल वृक्ष है, जिसका सीधा संबंध भगवान बुद्ध से माना जाता है। असल में, जिस पीपल के पेड़ के नीचे भगवान बुद्ध ने ज्ञान प्राप्त किया था, उसकी एक टहनी सम्राट अशोक के पुत्र ने श्रीलंका में भी रोप दिया था। साल 1964 में श्रीलंका की तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती सिरिमाओ भंडारनायके ने इस वृक्ष की एक टहनी भारत के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भेंट की थी। उन्होंने उस टहनी को बुद्ध जयंती पार्क में लगाया, जो आज एक वृक्ष बन चुका है। इस पार्क में भगवान बुद्ध की जो सुंदर प्रतिमा दिखती है, उसे दलाई लामा ने भेंट किया था। फिर भी, शायद ही कोई पर्यटक यहां आता है।

स्पष्ट है, हमें भगवान बुद्ध से जुड़े तमाम स्थलों तक पर्यटकों को लाना होगा। हमें ठोस प्रयास करने होंगे, ताकि जापान, दक्षिण कोरिया, ताईवान, जापान, थाईलैंड, श्रीलंका, वियतनाम जैसे बौद्ध धर्म मानने वाले देशों के पर्यटक भगवान बुद्ध से जुड़े भारतीय स्थलों पर पहुंचे। बिहार तो बुद्ध की भूमि मानी जाती है। बोधगया-राजगीर-नालंदा-वैशाली-कुम्हरार सर्किट देश के खास पर्यटन स्थलों में से एक हैं। इधर दक्षिण-पूर्व एशिया, श्रीलंका, जापान वगैरह से पर्यटक आते रहे हैं। इसी वजह से कुछ साल पहले थाई एयरवेज, मिहिन लंका, भूटान की ड्रक एयर, म्यांमार एयरवेज इंटरनेशनल, म्यांमार एयरवेज ने बोधगया के लिए उड़ानें भरनी शुरू कर दी थीं, पर इनमें से ज्यादातर कम यात्रियों के कारण बंद कर दी गईं।

राजधानी दिल्ली आने वाले बौद्ध धर्मावलंबियों को हमें उस बुद्ध विहार में भी लेकर जाना चाहिए, जिसका संबंध गांधीजी से है। दिल्ली के इस पहले बुद्ध विहार का उद्घाटन महात्मा गांधी ने 1939 में किया था। यह बिड़ला मंदिर के पास है। यहां राजेंद्र प्रसाद, सर्वपल्ली राधाकृष्णन, बाबा साहेब आंबेडकर, इंदिरा गांधी जैसी शख्सियतें खास अवसरों पर जाती रही हैं। इसमें भगवान बुद्ध की एक सुंदर मूर्ति भी स्थापित है, जिसे पंडित नेहरू ने बुद्ध विहार को भेंट किया था। साफ है, भगवान बुद्ध का प्रेम और भाईचारे का संदेश सर्वदा प्रासंगिक रहने वाला है। इस परिप्रेक्ष्य में भगवान बुद्ध को जानने की प्यास आगे भी बनी रहेगी। लिहाजा, उन्हें गहराई से जानने की इच्छा रखने वालों को भारत आना ही होगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# बड़ा हादसा मतलब बड़ी लापरवाही हुई है

सुनील दास

कुछ लोग कहते है कि हादसे अचनाक होते हैं,हादसों को रोका नहीं जा सकता,हादसों से बचा नहीं जा सकता। कुछ हादसे ऐसे हो सकते है जिन्हें चाहकर भी रोका नहीं जा सकता।लेकिन ऐसे हादसे जो किसी न किसी की लापरवाही के कारण होते हैं, वह तो रोके जा सकते है। आदमी ही लापरवाह होता है, उसकी लापरवाही के कारण ही हादसे होते हैं। वह लापरवाही न करे तो ज्यादातर हादसे रोके जा सकते हैं। लापरवाही कौन करता है, जो सावधान नहीं रहता है, सतर्क नहीं रहता है। हादसे रोकने के लिए हर स्तर पर आदमी को सावधान रहने की जरूरत है। सड़क हादसे मे कोई हादसा करने वाला होता है, हादसा वाहन में किसी खराबी के कारण हो सकता है। हादसे एक या ज्यादा लोगों की मौत होती है। हादसे का कारण ड्राइवर हो सकता है, वह लापरवाह हो सकता है,उसे दूसरे की जान का परवाह नहीं हो सकती,वह नशे में हो सकता है, वाहन में कोई खराबी तो नहीं है, यह जानना भी चालक का काम है। अगर वाहन में कोई खराबी है या खराबी आ सकती है तो ड्राइवर को ऐसा वाहन नहीं चलाना चाहिए। चालक वाहन तेज चला रहा हो।यानी हादसे के लिए चालक भी दोषी होता है।

कई बार चालक की गलती नहीं रहती है। लोग सड़क पर चलते हुए सावधान नहीं रहते है, सड़क पार करते वक्त सजग नहीं रहते हैं। बाइक व कार चलाते वक्त लापरवाही करते हैं। यानी जिसके साथ हादसा होता है कई बार वह भी हादसे के लिए दोषी होता है। कई बार सड़क खराब होने के कारण भी हादसे होते हैं। कई बार लोगो की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों का पालन नहीं करने के कराण हादसे होते हैं। यानी ज्यादातर मामल मे आदमी की लापरवाही के कारण ही हादसे होते हैं और आदमी ही मारे जाते हैं, यानी हर रोज लोग हादसे में मारे जाते हैं, उनके मारे जाने के लिए भी आदमी ही दोषी होता है। बड़ा हादसा हुआ तो उसके पीछे बड़ी लापरवाही होती है। कवर्धा जिले के बारपानी में बंजारी घाट से उतरते वक्त तेंदूपत्ता तोड़कर लौट रहे वाहन के पलटने से 19लोगों की मौत हो गई। माान जा रहा है कि बंजारी घाट से उतरते वक्त वाहन का ब्रेक फेल हो गया और चालक यह जानकर की ब्रेक फेल हो गया वाहन से कुद कर खुद की जान बचा ली और वाहन के गहरी खाई में गिरने के कारण वाहन में सवार 36 लोगों में से 19 की मौत होना वाकई बड़ी दुखद घटना है। तेंदूपत्ता तोड़ने ज्यादातर महिलाएं जाती है इसलिए मरने वालों में 18 महिलाएं हैं। हादसे की खबर मिलने पर संवेदनशील सरकार जो कुछ कर सकती थी, कर रही है। मरने वालों के परिवार व घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा कर दी गई है। सरकार ने घटना पर दुख व्यक्त किया है।

बड़े हादसे के बाद कोई सबक नहीं लिया जाता है, इसलिए उसी तरह के हादसे, ठीक उसी जगह पर बार-बार होते हैं। सरकार को मालूम है, यातायात विभाग को मालूम है कि हादसे में ज्यादा लोग तब ही मारे जाते हैं, जब वाहन में नियम का उल्लंघन कर ज्यादा लोगों को बिठाया जाता है। इस तरह नियमों का पालन पहले तो वाहन चालक को अनिवार्य रूप से करना चाहिए। अगर वह नहीं करता है तो यह सरकार व यातायात व पुलिस विभाग की जिम्मेदारी है कि कानून का पालन करवाए, कानूनी कार्रवाई करे। कवर्धा हादसे में न तो चालक ने कानून का पालन किया और न ही सरकार व यातायात विभाग पालन करवा सका। यह हुई पहली लापरवाही, यह लापरवाही नहीं हुई होती तो इतने लोगों की जान नहीं जाती। वाहन में बैठने वाले लोगों को समझना था कि इतने लोगों का एक वाहन में बैठना उनकी जान के लिए खतरा है, दूसरी लापरवाही यहां हुई। वाहन का ब्रेक ठीक है या नहीं इसका पता तो चालक को वाहन चलाने के पहले पता होना चाहिए। चालक को ढलान पर पता चलता है कि वाहन का ब्रेक फेल हो गया है और वह अपनी जान कूद कर बचा लेता है और बाकी लोगों को मरने के लिए छोड़ देता है। यह तीसरी लापरवाही है।

प्रदेश के लोगों की जान की सुरक्षा करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। जहां भी बड़ा हादसा हो सकता है या हो चुका है तो सरकार की कोशिश होनी चाहिए कि ऐसी जगहों की पहचान कर ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि इस तरह की बड़े हादसे फिर न हो। हाल ही इसी तरह दुर्ग जिले में ऐसी घटना हुई थी जिसमें वाहन के खाई में गिरने से कई लोगों की मौत हुई थी। केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार हो या उनका सड़को जुड़ा विभाग ऐसी तमाम खाई वाली जगहों पर या तो मजबूत रेलिंग लगाए, मजबूत दीवार बनवाए। ताकि कोई भी वाहन खाई में तो न गिरे। राज्य व केंद्र सरका हर साल हादसे रोकने के लिए कई तरह के प्रयास करते हैं। मगर हादसे रोकना सिर्फ उनकी ही जिम्मेदारी नहीं है। यह सामूहिक जिम्मेदारी है। हादसे तब ही रुकेंगे जब सभी लोग सभी स्तर प्रयास करेंगे। किसी तरह का लापरवाही नहीं करेंगे, सावधान रहेंगे जितनी अपनी जान के प्रति रहते है,उतना ही दूसरो की जान के प्रति भी सावधान रहें।

**(ये लेखक के विचार हैं)**

## विडम्बनात्मक दोहराव से बचा


बंगाल में कांग्रेस के दो दिग्गजों मल्लिकार्जुन खरगे और अधीर रंजन चौधरी में ममता बनर्जी को लेकर खींची तलवारें फिलहाल म्यान में चली गई हैं। ऐसा कर पार्टी ने अपने आपको इतिहास के उस विडम्बनात्मक दोहराव से बचा लिया है। तब ऐसे ही अस्तित्वगत सवाल पर कांग्रेस की तत्कालीन 'फायरब्रांड' नेता ख्यात ममता बनर्जी ने पार्टी छोड़ दी थी। अपनी तृणमूल कांग्रेस बना ली थी और कुछ सालों बाद वह 'मां, माटी और मानुष' के नारे पर दशकों के कायम वामपंथी शासन को उखाड़ फेंका था।

दूसरे नम्बर पर रही कांग्रेस इसके बाद राजनीतिक वनवास में चली गई थी, जबकि बंगाल में आजादी के बाद से दशकों तक सत्ताधारी रही थी। इसके बाद का इतिहास आज का वर्तमान है, जिस पर तृणमूल है, कांग्रेस और वामदल अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। इनमें कांग्रेस सत्ता के लिए कुछ अधिक ही अधीरता से प्रयासरत है। इस तर्क से कि बंगाल की सत्ता से 50 साल बाहर रहने के कारण उसके विरुद्ध सत्ता विरोधी विचार खुरच गए हैं। इस बीच आई नई पीढ़ी में उसके प्रति कोई पूर्वाग्रह नहीं है और वह आसन्न भाजपा के बजाय कांग्रेस को वरीयता दे सकती है। इसके लिए सही मोहरे चलना होगा-जनता को तृणमूल कांग्रेस की ज्यादतियों से ही भिड़ना, जो वामशासन की बुराइयों की याद दिलाती है। आम जनता को इस अवसर की प्रतीक्षा है। लोक सभा चुनाव में भले बंगाल में भाजपा को अब वरीयता मिल जाए पर विधानसभा में कांग्रेस जमीनी पार्टी के रूप में मतदाताओं की पहली पसंद हो सकती है।

इसके लिए ममता के विरोधाभासों पर हमलावर होते दिखते रहना है। यह केवल अधीर की निजी नहीं बल्कि कांग्रेस-कैडर की आम राय है। इसलिए बंगाल में कांग्रेस के 'चौधरी' अधीर रंजन को ही खरगे ने जब पार्टी से बाहर जाने का विकल्प रखा तो उनकी तस्वीर काली कर दी गई। आलाकमान की राय से यह खुला विद्रोह था। अधीर केवल ममता के दोमुंहेपन का विरोध कर रहे थे। अच्छा हुआ कि आलाकमान ने खरगे से कहलवा दिया कि चौधरी बंगाल में कांग्रेस के लड़ाकू सिपाही हैं। यह उनमें ममता से कार्यशैलीगत साम्यता की स्वीकारोक्ति है। उधर, ममता ने भी 'इंडिया' के प्रति अपनी राय मेंड कर ली है। वैसे भी चुनाव के मोड को देखते हुए कोई भी राजनीतिक आगे के रास्ते के बारे में मुतमईन नहीं है। नतीजा कुछ भी हो सकता है। इसलिए चुनाव परिणाम आने तक राजनीतिक गलियारे में बहुत कुछ घटित होगा।

**(आरएनएस)**

# साइबर संसार में संवेदनहीन समाज



**सोशल मीडिया पर लगाए जा रहे लांछनों से तंग आकर एक मां ने आत्महत्या कर ली। अफसोस, अपने देश में जानलेवा होती ट्रोलिंग पर लगाम के कानूनी उपाय पर्याप्त नहीं हैं।**

पवन दुग्गल, साइबर कानून विशेषज्ञ

साइबर दुनिया में किसी को हद से अधिक कलंकित करके खुदकुशी के लिए मजबूर कर देना ट्रोलिंग का एक भयावह रूप है। दुर्भाग्य से तमिलनाडु की घटना इसी श्रेणी की है, जो हर संवेदनशील इंसान को झकझोर रही है। कोई मां जान-बूझकर अपने बच्चे का बुरा नहीं करती, लेकिन लोगों के ताने ने उस मां को इतना तोड़ दिया कि उसने खुद अपनी जान ले ली। इस ट्रोलिंग की शुरुआत अप्रैल के आखिरी हफ्ते में आए उस वीडियो से हुई, जिसमें पहली मंजिल पर लटके एक छोटे बच्चे को बचाने की सफल कोशिश होती दिख रही थी। बताया गया था कि चौथी मंजिल पर खड़ी मां के हाथों से वह बच्चा छिटककर नीचे गिर गया था। इस वीडियो के सामने आने के बाद से ही मां को सोशल मीडिया में लापरवाह बताया जाने लगा। अब खबर यह है कि लांछनों से तंग आकर उसने आत्महत्या कर ली।

अब तक हम यही सोचते थे कि ट्रोलिंग पश्चिमी देशों में ही होती है और अगर अपने यहां होती भी है, तो नामचीन शख्सियतों की। मगर अब तो यह आम जनजीवन का हिस्सा बनती जा रही है। इसका कारण यही है कि भारत में 'द ग्रेट इंडियन वोमिटिंग रिवॉल्यूशन' (भारतीयों का वमन-क्रांति) चल रही है। अब लोग अपने विचार, डाटा, सोच और नजरिये की बिना यह सोचे इंटरनेट पर उल्टियां कर रहे हैं कि इसके कानूनी स्वरूप क्या होंगे? ट्रोलिंग भी एक तरह की उल्टी ही है, जिसमें सामने वाले व्यक्ति को बिना सोचे-समझे अपशब्द कहे जाते हैं। ऐसा करते हुए यह भी नहीं सोचा जाता कि व्यक्ति-विशेष के जीवन पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा?

अब ट्रोलिंग इसलिए भी बढ़ गई है, क्योंकि लोगों को पता है कि वे अनीतिपूर्ण हमले करने के बावजूद कानूनी गिरफ्त से बच सकते हैं। ट्रोलिंग रोकने के लिए अब तक अपने यहां कोई तयशुदा कानून नहीं बन सका है। देश में सन् 2000 का सूचना प्रौद्योगिकी कानून (आईटी ऐक्ट) जरूर है, लेकिन वह न तो 'ट्रोलिंग' शब्द को परिभाषित करता है और न इस संदर्भ में कोई कानूनी समाधान देता है। दुखद यह है कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में भी इसका कोई जिक्र नहीं है। हां, 'स्टॉकिंग' यानी लड़कियां अथवा महिलाओं का गलत इरादे से पीछा करने जैसे अपराधों का जिक्र आईपीसी में जरूर है और कुछ परिस्थितियों में स्टॉकिंग को ट्रोलिंग भी कह सकते हैं, लेकिन ट्रोलिंग की ज्यादातर घटनाएं स्टॉकिंग नहीं कही जा सकतीं। ट्रोलिंग में ट्रोलर्स दरअसल लक्षित व्यक्ति को गाली देते हैं, उसे नीचा दिखाते हैं, उस पर लांछन लगाते हैं और अपने दैनिक जीवन में रम जाते हैं, जबकि स्टॉकिंग का चरित्र इससे अलग होता है।

सूचना प्रौद्योगिकी कानून की सहायता से यदि ट्रोलिंग रोकने की कोशिश करें, तो धारा 67 कुछ हद तक हमारी मदद कर सकती है, क्योंकि जब किसी व्यक्ति को ट्रोल किया जाता है, तो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से कुछ ऐसे शब्द या कंटेंट प्रसारित किए जाते हैं, जिनको पढ़ने, सुनने या देखने के बाद लक्षित व्यक्ति पर नकारात्मक असर पड़ता है। मगर यह धारा मूलत: इलेक्ट्रॉनिक रूप से अश्लील सामग्रियों के प्रकाशन और प्रासरण से जुड़ी है, इसलिए ज्यादातर मामलों में पुलिस ट्रोलिंग में इसके इस्तेमाल से बचती है।

ट्रोलिंग से यदि मानहानि होती है, तो आईपीसी की धारा 499 और 500 का इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन ये धाराएं भी इसलिए कारगर नहीं हो पातीं, क्योंकि ट्रोलिंग एक तरह से टिप्पणी है और मानहानि न होने पर ये धाराएं निष्प्रभावी हो जाती हैं। हालांकि, फर्जी अकाउंट से यदि ट्रोलिंग की जा रही है, तो जालसाजी और पहचान छिपाने के खिलाफआईटी ऐक्ट की धारा 66-सी के तहत कार्रवाई हो सकती है और अगर ट्रोलिंग से गुमराह करने की कोशिश की गई है, तो धारा 66-डी लगाई जा सकती है।

इसी तरह, ट्रोलिंग में यदि झूठ लिखा जा रहा हो और लोगों को भ्रमित करने की मंशा दिखती हो, तो आईपीसी की धारा-468 और 469 के तहत कार्रवाई की जा सकती है, जिनमें सजा और जुर्माना, दोनों के प्रावधान हैं। और, अगर ट्रोलिंग के साथ स्टॉकिंग हो, तो कुछ हद तक आईपीसी-354 के तहत कार्रवाई हो सकती है। मगर ये भी ट्रोलिंग से निपटने के परोक्ष तरीके हैं, कोई प्रत्यक्ष उपाय नहीं। हालांकि, इसका यह अर्थ भी नहीं कि बतौर नागरिक हमारे पास कोई रास्ता नहीं है। आत्महत्या करने के बजाय हमें ट्रोलिंग की शिकायत साइबर क्राइम की वेबसाइट पर करनी चाहिए। इसके लिए 1930 हेल्पलाइन नंबर से भी मदद ली जा सकती है।

जब तक कोई समर्पित कानून न बने, तब तक ट्रोलर्स से सीधे मुकाबला करने से भी हमें बचना चाहिए। अगर आप इसके भुक्तभोगी बनते हैं, तो पहले अपने परिजनों को विश्वास में लें। इसकी शिकायत सोशल मंच प्रदान करने वाली कंपनी से भी की जा सकती है। आईटी रूल्स 2021 के तहत सेवा देने वाली कंपनी से ट्रोलर्स के सोशल अकाउंट की शिकायत की जा सकती है, जिसमें अधिकतम 15 दिनों में कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। अगर अश्लील शब्दों के साथ ट्रोल किया गया है, तो 24 घंटे के अंदर शिकायत के निवारण का प्रावधान आईटी कानून में है।

कुछ लोग तर्क देते हैं कि अपने देश में कानून बनाने का रास्ता काफी लंबा है, लेकिन ट्रोलिंग के मामले में हमें एक सुविधा हासिल है। दरअसल, सूचना प्रौद्योगिकी कानून की धारा-87 केंद्र सरकार को इस कानून के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए तमाम प्रावधान अपनाने का अधिकार देती है। इसका उपयोग किया जा सकता है। फिर, हमें दूसरे देश का मुंह नहीं ताकना चाहिए, क्योंकि भारत की जमीनी हकीकत अन्य राष्ट्रों से अलग है। चेन्नई मामले में ही मां को कोसा गया, जबकि पश्चिमी देशों में मां और बच्चे का संबंध अपने यहां से अलग होता है। चूंकि हमारी संस्कृति, हमारे मूल्य व परिवेश विदेश से अलग हैं, इसलिए ट्रोलिंग को लेकर हमारा कानून भी अलग होना चाहिए।

ज्यादातर मामलों में ट्रोलर्स वीपीएन, यानी वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क का इस्तेमाल करते हैं, जिससे वे अपनी पहचान छिपा लेते हैं, इसलिए इनको पकड़ने के लिए हमें खास उपाय अपनाने होंगे। यहां पुलिस अधिकारियों को भी संवेदनशीलता दिखानी होगी। उनको भुक्तभोगियों का दर्द महसूस करना होगा। हालांकि, आम लोगों को भी साइबर सुरक्षा को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए। तभी वे साइबर अपराध का शिकार बनने से बच सकेंगे।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**


Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### आरटीई के अंतर्गत ड्राप आउट विद्यार्थियों की जानकारी देने के निर्देश

**रायपुर।** स्कूल शिक्षा सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने सभी जिला कलेक्टरों से आरटीई अंतर्गत ड्राप आउट विद्यार्थियों की जानकारी स्कूल शिक्षा विभाग को उपलब्ध कराने निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टरों को जारी पत्र में कहा गया है कि जिले के गैर अनुदान प्राप्त विद्यालयों के प्रबंधक, प्राचार्यों की बैठक 10 दिवस के भीतर बुलाकर यह समीक्षा करें कि इनके विद्यालय में कितने विद्यार्थियों ने आरटीई के तहत प्रवेश लिया था तथा उनमें से कितने बच्चे पढ़ाई छोड़कर ड्राप आउट हो गए हैं। यह जानकारी पत्र के साथ निर्धारित प्रारूप में भेजी जाए। कलेक्टरों से यह भी कहा गया है कि विगत 5 वर्षों में ड्राप आउट हुए बच्चों की जानकारी प्राप्त कर समीक्षा करें तथा ड्राप आउट रोकने की दिशा में समुचित पहल करने का कष्ट करें, जिससे जिले में आरटीई की मंशा के अनुरूप सभी बच्चे अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण कर सकें।

### शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा स्थगित

**रायपुर।** शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परिषद्, लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा हिन्दी एवं अंग्रेजी कम्प्यूटर मुद्रलेखन की विभिन्न गति की डिप्रेशन प्रति घंटे के मान से आयोजित की जाने वाली कौशल परीक्षा अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। यह परीक्षा प्रदेश के रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं बस्तर संभाग में 26 मई, 02 जून, 09 जून और 16 जून 2024 को परिषद द्वारा आयोजित की जाने वाली थी। परिषद द्वारा परीक्षाओं के पुनः आयोजन करने संबंधित आगामी तिथि निर्धारित कर सर्वसंबंधित परीक्षार्थियों के लिए प्रदेश के प्रमुख समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित की जाएगी। साथ ही परिषद की वेबसाईट https://shiksha.cg.nic.in/ctsp पर तिथियों की जानकारी प्रदर्शित की जाएगी।

### शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के लिए विभागीय परीक्षा का आयोजन 05 से 13 अगस्त तक

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ के अंतर्गत शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए (जिनके लिए विभागों द्वारा विभागीय परीक्षा निर्धारित की गई हो) विभागीय परीक्षा का आयोजन 05 अगस्त से 13 अगस्त 2024 तक किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले के समस्त विभागों के अधिकारियों को परिपत्र जारी कर उपरोक्त विभागीय परीक्षा में बैठने हेतु इच्छुक अधिकारियों की सूची 15 जून 2024 के पूर्व जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करने कहा है।

### 19 लोगों की हादसे में मौत, हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

**बिलासपुर।** कबीरधाम जिले में सोमवार को हुए भीषण सड़क हादसे में 19 लोगों की मौत पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लेकर इसे जनहित याचिका के रूप में रजिस्टर्ड किया है। 24 मई को चीफजस्टिस की डिवीजन बेंच इस पर सुनवाई करेगी। कवर्धा जिले में कुकदूर थाना क्षेत्र के बाहपानी के पास सोमवार दोपहर लगभग 2 बजे यह हादसा हुआ। सभी ग्रामवासी सेमहारा के रहने वाले थे, जो तेंदूपत्ता तोड़कर पिकअप से वापस आ रहे थे। मारे गए लोगों में 18 महिला व एक पुरुष शामिल हैं। तीन गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ब्रेक फेल होने से वाहन बंजारी घाट बाहपानी के मोड़ के पास 30 फीट गहरी खाई में जा गिरा था। ड्राइवर ने कूदकर जान बचाई। ड्राइवर दिनेश से पुलिस जानकारी ले रही है। हादसे में मौके पर 15 लोगों की मौत हो गई थी, चार लोगों ने कुकदूर के सरकारी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा पहुंचे जगदलपुर, कहा... नक्सली मुख्य धारा में लौटे, सरकार पुनर्वास को तैयार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** बुधवार को बस्तर प्रवास पर पहुंचे प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला कार्यालय में भव्य स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के पश्चात प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की बैठक ली।

कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कहा कि विष्णुदेव सरकार प्रदेश में विकसित भारत के संकल्प के तहत लगातार जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही हैं। इसी के तहत नक्सल पुनर्वास नीति सरकार महत्वपूर्ण योजना है,जिसमें सरकार हिंसा छोड़कर मुख्य धारा में लौटने वाले नक्सलियों का पुनर्वास कर उनके सामाजिक और आर्थिक उत्थान करने का प्रयास कर रही है।




उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नक्सली भी यह जानते हैं कि बंदूक के दम पर विकास नहीं रोका जा सकता और सरकार भी जानती हैं गोली से नक्सलवाद खत्म नहीं होगा इसलिए सरकार बार-बार नक्सलियों से हिंसा छोड़ने की अपील कर रही है और सरकार पुनर्वास योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा कि पुनर्वास योजना के लिए समाज के सभी वर्ग और बुद्धिजीवी अपने विचार और सलाह सरकार को दे सकते हैं।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वर्तमान सरकार में बड़ी ज़िम्मेदारी में होने के बाद भी वो भाजपा के एक सामान्य कार्यकर्ता ही हैं और भाजपा कार्यकर्ता उन्हें एक सामान्य कार्यकर्ता साथी के रूप में ही देखें। सभी कार्यकर्ता जनता से सतत जुड़े रहने और जनसमस्याओं के निवारण में अग्रणी रहें।

बैठक के दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, जिलाध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, विधायक विनायक गोयल, पूर्व विधायक सुभाऊ कश्यप, बैदूराम कश्यप, श्रीधर ओझा, रामाश्रय सिंह, वेद प्रकाश पांडे, श्रीधर ओझा, महापौर सफीरा साहू, रजनीश पाणिग्रही, नरसिंह राव,आनंद मोहन मिश्रा,आलोक अवस्थी, आर्येन्द्र आर्य, मनोहर तिवारी,संग्राम सिंह राणा, सुधा मिश्रा,अविनाश श्रीवास्तव, मनीष पारेख, सतीश बाजपेयी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में ली गई समीक्षा बैठक

### मनरेगा, आवास व विभिन्न कार्यक्रमों अंतर्गत चल रही गतिविधियों की ली जानकारी, मानसून से पूर्व निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के दिए निर्देश

**दुर्ग।** सीईओ जिला पंचायत दुर्ग अश्विनी कुमार देवांगन की अध्यक्षता में जिला पंचायत दुर्ग के सभा कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उन्होंने ब्लॉक सीईओ को वर्षा के पूर्व मनरेगा अंतर्गत निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत राज्य के प्राप्त लक्ष्य अनुसार निर्माण कार्य जैसे तालाब निर्माण, तालाब गहरीकरण, डबरी निर्माण, अमृत सरोवर कार्य का जल्द पूर्ण किये जाएं ताकि जिले के अधिक से अधिक श्रमिकों को लाभ मिल सके और रोजगार गारंटी योजना के तहत् 100 दिवस का रोजगार सृजित हो सके। जून माह में मानसून के दस्तख देने से पूर्व मिट्टी से सबंधित निर्माण कार्य को युद्ध स्तर पर कार्ययोजना बनाकर पूर्ण किया जाएं।




जिला पंचायत सीईओ देवांगन ने कार्यक्रम अधिकारी को कहा कि मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों की प्रति सप्ताह के अंत में मास्टर रोल की एन्ट्री भी पूर्ण करें। कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा मास्टर रोल की एन्ट्री समय में नहीं होने पर कार्यवाही होगी। मानसून के पूर्व वृक्षारोपण कार्य हेतु प्रस्ताव, निजी वृक्षारोपण, फलदार औषधि युक्त वनस्पति पौधे रोपण, छायादार पौधे रोपण किये जाएं। उन्होंने योजना के तहत अपूर्ण आंगनबाड़ी निर्माण कार्य को तीव्रगति से पूर्ण करने का कहा। साथ ही उन्होंने मानसून से पूर्व स्वच्छ भारत मिशन के स्व-सहायता समूह हेतु सेग्रीगेशन वर्कशेड निर्माण कार्य को तत्काल पूर्ण करने व कम्पोस्ट पिट, सामुदायिक नाडेप, व्यक्तिगत नाडेप के सोकपीट निर्माण कार्य को भी जल्द पूर्ण करने कहा। उन्होंने मल कीचड़ प्रबंधन (एफएसएम) के लिए सुरक्षित और स्वच्छ सेप्टिक टैंक और गड्ढे वाले शौचालय को खाली करने के साथ-साथ ठोस और तरल पदार्थों के प्रभावी उपचार को लगातार बढ़ाने के लिए कहा।

बैठक में ब्लॉक सीईओ, एसडीओ (आरईएस), सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा बिहान, स्वच्छ भारत मिशन, समस्त ब्लॉक के कार्यक्रम अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## बिना लाइट के रह रहे वृद्ध के घर समाजसेवियों ने पहुंचाई बिजली

**रामानुजगंज ( एसकेपी )।** नगर के वार्ड क्रमांक 7 में रहने वाले वृद्ध अशोक कश्यप जो पहले मजदूरी का कार्य कर अपना जीवकोपार्जन करते थे। परंतु वृद्ध होने का अब उन्हें काम नहीं मिल रहा है अभी भी वह कार्य करना चाहते है। विगत कई माह से घर में लाइट नहीं है। इस भीषण गर्मी में बिना लाइट एवं पंखे के रहने को मजबूर थे इसकी जानकारी जब समाजसेवी विकास दुबे, युवा व्यवसायी अमित गुप्ता एवं टेंट व्यवसाय मितेश केसरी को लगी तो तत्काल इन लोगों के द्वारा घर में लाइट की व्यवस्था कराई गई वही पंखा एवं राशन प्रदान किया गया।

नगर के वार्ड क्रमांक 7 के अशोक राम अत्यंत गरीबी में अपना जीवन यापन कर रहे हैं उनकी ऐसी स्थिति नहीं है कि घर में लाइट एवं पंखा भी लगा सके जिस कारण विगत कई महीनो से बिना लाइट पंखा के इस भीषण गर्मी में रह रहे हैं। शाम ढलते ही लकड़ी की व्यवस्था कर कर जैसे तैसे छोटे टोर्च की रोशनी से धुंधली आंखों से खाना बनाते हैं। अशोक राम मजदूरी का कार्य कर कर अपना जीवन यापन करते थे परंतु वृद्धि होने का अब जल्दी कोई काम देना नहीं चाहता है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा सबेरे 10.00 बजे से न्यू कन्वेन्शन हॉल नवीन विश्राम गृह, सिविल लाईन, रायपुर में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का विषय 'जलवायु परिवर्तन सदी की सबसे बड़ी चुनौती'रखा गया है। पोस्टर प्रतियोगिता चार आयु वर्ग में आयोजित होगी जिसमे प्रथम वर्ग में 12 वर्ष तक, द्वितीय वर्ग में 13 से 17 वर्ष, तृतीय वर्ग 18 से 21 वर्ष एवं चतुर्थ वर्ग दिव्यांगजनों के लिए होगा।




प्रतियोगिता में प्रतियोगियों को आकर्षक नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। पुरस्कार चार आयु वर्ग में पृथक-पृथक दिये जायेंगे। प्रथम पुरस्कार पांच हजार रूपए, द्वितीय पुरस्कार तीन हजार रूपए, तृतीय पुरस्कार दो हजार रूपए एवं दो सांत्वना पुरस्कार पांच सौ रूपए दिए जाएंगे।

प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को अपना पहचान पत्र एवं आयु प्रमाण-पत्र की छायाप्रति साथ लानी होंगी। रजिस्ट्रेशन प्रतियोगिता स्थल पर किया जायेगा। रजिस्ट्रेशन हेतु प्रतिभागियों को प्रातः 9.30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य है। विजेताओं को 5 जून को ही पुरस्कार वितरण किया जाएगा।


## इलाज में लापरवाही: ऑपरेशन से मरीज की मौत, अस्पताल और डॉक्टर पर कार्रवाई, 45 दिन में देना होगा हर्जाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** इलाज और ऑपरेशन में लापरवाही से युवक की मौत को गंभीरता से लेते हुए जिला उपभोक्ता फोरम बिलासपुर ने आवेदकों को राहत दी है। डॉक्टर और न्यू वेल्यू हॉस्पिटल को मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपये 45 दिन के भीतर देने का आदेश दिया है। साथ ही आदेश की कॉपी स्टेट मेडिकल काउंसिल को भेजने का निर्देश दिया है। ताकि ऐसी घटना पर रोक लगाया जा सके।

जांजगीर-चांपा निवासी युवक छोटेलाल बिलासपुर के मंगला में रह रहा था। उसके गले में सर्वाइकल पेन की समस्या आने पर वह 2016 में मगरपारा स्थित न्यू वेल्यू हॉस्पिटल गया। यहां लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. ब्रजेश ने एमआरआई के बाद ऑपरेशन किया और दूषित ब्लड चढ़ा दिया।

इस वजह से छोटेलाल टंडन की तबियत बिगड़ने लगी, उसका पेट फूलने के बाद अंतड़ी फट गई। इसके बाद दोबारा उसका ऑपरेशन किया गया। दूसरे दिन हार्ट अटैक से उसकी मौत हो गई।



छोटेलाल के परिजनों ने जिला उपभोक्ता फोरम में परिवाद दायर किया। परिवाद दायर होने के बाद से डॉक्टर और अस्पताल प्रबंधन ने फोरम में एक बार भी डिस्चार्ज समरी प्रस्तुत नहीं की। जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष आनंद कुमार सिंघल, सदस्य आलोक पांडेय और पूर्णिमा सिंह ने सुनवाई के बाद डॉक्टर ब्रजेश और न्यू वेल्यू हॉस्पिटल को मृतक छोटेलाल के परिजनों को 45 दिनों के भीतर 10 लाख रुपए देने का आदेश दिया है।

## बीएसपी- सीएसआर विभाग द्वारा ग्राम धौराभाठा में बांस हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (सी.एस.आर), और छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में 21 मई 2024 को ग्राम धौराभाठा, विकास खंड पाटन, जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) में महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से 90 दिवसीय (तीन माह ) बांस हस्तशिल्प कला प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाप्रबंधक (इंस्ट्रूमेंटेशन) सुश्री सिम्मी गोस्वामी ने छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (सीएसआर) शिवराजन नायर, वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर) सुशील कुमार कामड़े, पंचायत सरपंच (धौराभाठा) श्रीमती बिन्देश्वरी मेश्राम, हस्तशिल्प कला प्रशिक्षक श्री राहुल भगत सहित 30 प्रशिक्षु महिलायें एवं गाँव के अन्य लोग उपस्थित रहे।




मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (इंस्ट्रूमेंटेशन) सुश्री सिम्मी गोस्वामी ने अपने उद्बोधन में आधुनिक दौर में बदल रही महिलाओं की भूमिकाओं पर प्रकाश डाला और बांस और हस्तशिल्प की उपयोगिता और महत्व के विषय में अपने विचार साझा किये। उन्होंने कहा कि मोबाइल और इंटरनेट के आने से दुनिया बहुत छोटी हो गई है और महिलाएं इसका सदुपयोग करके बाजार के साथ बेहतर संबंध स्थापित कर अपने उत्पादों को बाजार तक आसानी से पहुंचा सकती हैं।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि महाप्रबंधक (सीएसआर)शिवराजन नायर ने कहा कि गांव की अर्थव्यस्था कृषि आधारित है, खेती-बाड़ी करने वाली महिलाओं के पास हुनर होगा तो उन्हें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने महिलाओं को उन स्किल्स को सीखने के लिए प्रोत्साहित किया जिनकी बाजार में अधिक मांग है, ताकि वे खुद भी आत्मनिर्भर बन सकें और आसपास की महिलाओं के लिए प्रेरणा बन सकें।

वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर) सुशील कुमार कामड़े ने प्रशिक्षण कार्यक्रम पर जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक प्रशिक्षु महिला को प्रतिमाह 3000 रुपए की मानदेय राशि भी प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा महिलाओं को आवश्यक उपकरण भी प्रदान किए जायेंगे जिस से महिलाओं को शिल्पकला को रोजगार के रूप में अपनाने में मदद मिलेगी।

ग्राम धौराभाठा की सरपंच श्रीमती बिन्देश्वरी मेश्राम ने गांव की महिलाओं को मेहनत से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आगे बढ़ने के लिए हाथ में हुनर होना सबसे आवश्यक है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को बांस से बने विभिन्न प्रकार के हस्तशिल्प बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा, साथ ही महिलाओं को उद्यमिता विकास के बारे में भी जानकारी दी जाएगी, ताकि वे अपने प्रशिक्षण का उपयोग करके अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सकें।

इस कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर) सुशील कुमार कामड़े द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन ग्राम धौराभाठा के राजेन्द्र मेश्राम द्वारा किया गया।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

**धमतरी ( ए. )।** शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय धमतरी में कक्षा पहली से दसवीं तक श्रवण बाधित दिव्यांग बालिकाओं को नि:शुल्क आवासीय शिक्षण का लाभ दिया जा रहा है। संस्था की अधीक्षक ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 से कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं में श्रवण बाधित दिव्यांग बालिकाओं को नि:शुल्क आवासीय शिक्षण दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि 6 साल से 14 साल तक की श्रवण बाधित दिव्यांग बालिकाओं को कक्षा पहली से नवमीं तक एवं ग्यारहवीं में 16 वर्ष की श्रवण बाधित दिव्यांग बालिकाओं का प्रवेश प्रारंभ है। विद्यालय में प्रवेश के लिए नगरनिगम या चिकित्सा विभाग द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 10 पासपोर्ट साईज फोटो, बैंक पासबुक और राशन कार्ड की छायाप्रति तथा समाज कल्याण विभाग द्वारा जारी विशिष्ट पहचान पत्र, जिला चिकित्सालय द्वारा जारी दिव्यांग प्रमाण पत्र, ब्लड ग्रुप की छायाप्रति एवं पहचान का निशान आवेदन के साथ जमा करना होगा। यह भी बताया गया कि यदि पहले से अध्ययनरत है, तो स्थानांतरण प्रमाण पत्र, जिले के बाहर के टीसी में जिला शिक्षा का प्रतिहस्ताक्षर आवश्यक है और पिछली कक्षा का अंकसूची की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है।

### जिला अस्पताल में युवती के सौम्य ट्यूमर का सफल ऑपरेशन

**रायपुर ( ए. )।** जिला अस्पताल रायपुर में 20 वर्षीय युवती के चेहरे में ट्यूमर का सफल ऑपरेशन एंट सर्जन डा नीती वर्मा ने किया। 20 वर्षीय युवती का ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर नीती वर्मा का कहना है कि पेओमोर्फिक एडेनोमा नामक पैरोटिड का सौम्य ट्यूमर से पीड़ित थी जिसके कारण युवती के चेहरे पर की सभी शाखाएं कभी भी खूबसूरती से संरक्षित नहीं हुई थी। यह पहली बार सतही पैरोटिडेक्टोनी में किया गया सफल ऑपरेशन है। कहा जा सकता है कि यह मेडिकल क्षेत्र में पहला ऑपरेशन है। विशेष रूप से युवा अविवाहित महिलाओं में यह ऑपरेशन महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि इसकी किसी भी एक शाखा पर चोट लगने से तंत्रिका पक्षाघात और चेहरे की विषमता हो सकती थी।

### 880 पदों पर सरकारी नौकरी, जून में होगी परीक्षा

**रायपुर ( ए. )।** भर्ती परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए अच्छी खबर है। प्रयोगशाला परिचारक, भृत्य समेत अन्य चतुर्थ श्रेणी के 880 पदों पर भर्ती के लिए अब व्यापमं से परीक्षा आयोजित की जाएगी। पिछले साल अक्टूबर-नवंबर में उच्च शिक्षा विभाग से आवेदन मंगाए गए थे। इसे लेकर अब निर्देश जारी किए गए। इसके अनुसार आवेदकों को अपने आवेदन पत्र क्रमांक को व्यापमं की वेबसाइट में प्रमाणित करना अनिवार्य होगा। जो आवेदक निर्धारित समय-सीमा में फार्म को सत्यापित नहीं करते हैं तो उनका फार्म निरस्त हो जाएगा। आवेदन को प्रमाणित करने की तारीख और संबंधित निर्देश आचार संहिता समाप्त होने के बाद उच्च शिक्षा विभाग और व्यापमं की वेबसाइट जारी की जाएगी। जानकारी के मुताबिक इन पदों के लिए करीब 7 लाख से ज्यादा फॉर्म आए हैं। व्यापमं से यह परीक्षा अगस्त में होने की संभावना है। प्रयोगशाला परिचारक के सबसे अधिक 430 पोस्ट: प्रयोगशाला परिचारक, भृत्य, चौकीदार समेत चतुर्थ श्रेणी के विभिन्न पदों के लिए उच्च शिक्षा विभाग की ओर से अक्टूबर 2023 में सीधी भर्ती निकाली गई थी। इसके तहत कुल 880 पदों पर भर्ती होगी। इनमें प्रयोगशाला परिचारक के सबसे अधिक 430 पोस्ट हैं। इसी तरह भृत्य के 210 पद, चौकीदार के 210 और स्वीपर के 30 पद शामिल हैं। 100 नंबर की होगी भर्ती परीक्षा चतुर्थ श्रेणी पदों की भर्ती के लिए 100 नंबर की लिखित परीक्षा होगी। प्यून, चौकीदार की परीक्षा में कुल 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। सभी ऑब्जेक्टिव रहेंगे। यह परीक्षा दो घंटे की होगी। इसी तरह प्रयोगशाला परिचारक लिखित परीक्षा में दो भाग होंगे। भाग-1 में नवमीं दसवीं के आधार पर साइंस से संबंधित 60 प्रश्न पूछ जाएंगे। सभी प्रश्न 1 नंबर के होंगे। भाग-2 में 40 अंकों की परीक्षा होगी।

### 2 एकड़ शासकीय भूमि को किया गया अवैध कब्जों से मुक्त

**रायपुर ( ए. )।** नगर निगम जोन 9 नगर निवेष विभाग की टीम ने तहसीलदार के नेतृत्व एवं एसडीएम के मार्गदर्शन में नगर निगम जोन 9 के सड्डू ईरानी डेरा बीएसयूपी आवासीय परिसर के सामने लगभग 2 एकड़ शासकीय भूमि को अवैध कब्जो से मुक्त करवाने संबंधित क्षेत्र के पटवारी सहित जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता केके शर्मा, सहायक अभियंता अंशुल शर्मा, उपअभियंता अबरार खान, कुंदन साहू की उपस्थिति में श्रमिकों एवं थ्रीडी की सहायता से अवैध कब्जो को पूरी तरह हटाकर शासकीय भूमि को कब्जा मुक्त करने की कार्यवाही की गई।

# बुद्ध पूर्णिमा पर 24 लाख घरों में होगा हवन

## गायत्री परिवार का गृहे-गृहे यज्ञ अभियान



**रायपुर ( ए. )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के आह्वान पर 24 लाख घरों में 23 मई से 'गृहे-गृहे यज्ञ' अभियान का आयोजन किया गया है। इसके लिए गायत्री परिजनों के द्वारा अपने अपने क्षेत्रों में हवन किट सामग्री वितरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

गायत्री परिवार छत्तीसगढ़ की जोन समन्वयक श्रीमती आदर्श वर्मा एवं जिला समन्वयक लच्छूराम निषाद ने बताया कि गायत्री परिवार के प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या के मार्गदर्शन में भारत के साथ-साथ अमेरिका, कनाडा, साउथ एशिया सहित अनेक देशों में विश्व भर के करोड़ों साधक आयुर्वेदिक औषधियुक्त हवन सामाग्री के साथ गायत्री, महामृत्यंजय एवं सूर्य (आदित्य) मंत्रों के उच्चारण कर यज्ञ में आहूती अर्पित करेंगे। विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं अनेकानेक वैज्ञानिक भी यज्ञ की महिमा को जानकर प्रेरित और संकल्पित हो रहे है।

गायत्री परिवार द्वारा विगत कई वर्षों से यह आध्यात्मिक प्रयोग सामूहिक स्तर पर वैश्विक रुप दिया जा रहा है। इसमें सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय का संकल्प के साथ वैश्विक शांति, पर्यावरण संवर्धन एवं संरक्षण, वातावरण का परिशोधन, समर्थ राष्ट्र निर्माण, वैचारिक उत्कृष्टता, समाज में छाई हुई विकृतियों को नष्ट तथा सत्प्रवृतत्तियों के संवर्धन के लिए वैदिक मंत्रों से यज्ञ में आहुतियां समर्पित की जाती है। यज्ञ के बाद तरु प्रसाद के रूप में परिजन अपने अपने घरों में पर्यावरण संरक्षण के लिये कम से कम एक-एक पौधारोपण का कार्य भी करेंगे। ''गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ-उपासना'' का मुख्य उद्देश्य मानव कल्याण है।

वेद-पुराण और आयुर्वेदिक ग्रंथों में स्वास्थ्य रक्षा के लिये अनेक मंत्रों व उपयों का उल्लेख है। वैदिक काल के ये मंत्र यज्ञ और ये उपाय आज भी अचूक है। इन्ही तथ्यों को ध्यान में रखते हुए यह आयोजन किया जा रहा है। पूरे विश्व में एक दिन एक साथ यज्ञ करने पर प्रयुक्त हवन सामाग्री से जो धूम्र उत्पन्न होगा वह पूरे ब्रम्हाण्ड में समाहित होकर संपूर्ण वातावरण को शुद्ध करेगा। रायपुर जिले में 11 हजार घरों में गायत्री महायज्ञ करवाया जाएगा।

गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी प्रज्ञा प्रकाश निगम ने बताया कि गायत्री परिवार के सभी शक्ति पीठ, प्रज्ञा पीठ, चेतना केन्द्र, प्रज्ञा मंडल, युवा मंडल, महिला मंडल, नव चेतना विस्तार केंद्र, से जुड़े सक्रिय परिजनों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। आचार्य गण संक्षिप्त हवन सामग्री के साथ विधि-विधान से यज्ञ संपन्न कराएंगे। विशेषकर नए परिवारों में घर-घर यज्ञ कराने पर जोर दिया जाएगा। इसके अलावा कई मंदिरों में भी सामूहिक रूप से यज्ञ होगा। धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं को भी ''गृहे-गृहे यज्ञ'' अभियान से जोड़ा जा रहा है। रायपुर के समता कॉलोनी दावड़ा कालोनी, प्रज्ञा पीठ/प्रज्ञा मण्डल कुशालपुर, संतोषीनगर, टाटीबंध, कोटा, तेलीबांधा,खमतराई, खम्हारडीह, बोरियाखुर्द में यज्ञ सामग्री के किट बनाकर आसपास के घरों में वितरण किया जा रहा है।

साथ ही लोगों को यज्ञ करने का पत्रक देकर यज्ञ से ऑनलाइन जुड़ने का तरीका भी समझाया गया है। परिजनों की सुविधा की दृष्टि से गायत्री शक्तिपीठ समता कालोनी रायपुर में यज्ञीय क्रिया व विधान हेतु पृथक से प्रशिक्षण कार्यक्रम भी रखा गया है। यज्ञ हेतु सामग्री प्राप्त करने के लिये श्रद्धालुजन स्थानीय शक्ति पीठ/प्रज्ञा पीठों में भी संपर्क कर सकते है। घरों के अलावा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, मंदिरों और कॉलोनियां में भी यह यज्ञ कराया जाएगा। लोग खुद भी इस यज्ञ को कर सकते हैं। इसके प्रशिक्षण के लिए यूट्यूब, इंटरनेट, सोशल मीडिया में इसका वीडियो अपलोड किए गए हैं। अलग से मोबाइल पंडित एप भी बनाया गया है।

# अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना-प्रदर्शन हुआ खत्म



**रायपुर ( ए. )।** छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर में मंगलवार से चल रही सफाई कर्मचारियों की धरना प्रदर्शन खत्म हो गई है, और सभी अपने-अपने काम में वापस लौट गए हैं। आपको बता दें, कर्मचारियों ने काम के दौरान आम लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया था।

### मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

कर्मचारियों का कहना था कि रायपुर के गुढ़ियारी इलाके में एक व्यक्ति ने एक सफाई कर्मचारी से मारपीट कर गाली गलौच की है। जिसके चलते ये कर्मचारी मंगलवार से दलदल सिवनी यार्ड में धरना प्रदर्शन कर रहे थे। हालांकि मारपीट करने वाला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### आश्वासन के बाद खत्म किए धरना

जिसके बाद सफाई कर्मी नई भर्ती पर रोक और वेतन बढ़ाने की मांग कर रहे थे। सफाई कर्मियों से बात करने मौके पर अधिकारी पहुंचे थे। जिसके बाद अधिकारियों के आश्वासन के बाद कर्मचारियों ने धरना खत्म किया। बता दें सफाई कर्मी मंगलवार से प्रदर्शन कर रहें थे, जिसके बाद आज गुरुवार को सभी डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने गाड़िया रवाना किए।

# अंधड़ एवं बारिश में टूटकर गिरे पेड़



### निगम टीम ने गिरे पेड़ों को तत्काल हटाकर मार्ग क्लियर किया

**रायपुर ( ए. )।** राजधानी रायपुर में बुधवार शाम अचानक मौसम में परिवर्तन हुआ। तेज हवाओं, बारिश,अंधड़ के दौरान गोल चौक रोहिणीपुरम के पास अचानक टूटकर पेड़ गिरे। वहीं मौलश्री विहार मार्ग में तेज हवाओं के मध्य अचानक पेड़ टूटकर गिरे।

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार सम्बंधित निगम जोन का अमले के अधिकारियों द्वारा श्रमिकों की सहायता से तत्काल स्थल पर पहुंचकर आंधी, बारिश में अचानक टूटकर गिरे पेड़ों को तुरन्त हटाकर मार्ग क्लियर किया गया। इससे अचानक पेड़ गिर जाने सम्बंधित मार्ग में बाधित हुए सड़क यातायात के तत्काल पुन: सुगम बनने से नागरिकों एवं वाहन चालकों को त्वरित राहत मिली।

# बेधड़क निकाल रहे मुरुम, हुई शिकायत



**रायपुर ( ए. )।** राजधानी के आस-पास भी अवैध उत्खनन बढ़ने लगा है। अब तो निजी भूमि से भी लोग मुरुम उत्खनन करने लगे हैं। ऐसा ही एक मामला माना क्षेत्र में आया है, जहां निजी भूमि से मुरुम निकाली जा रही थी। भूमिस्वामी को जब इसका पता चला तो उन्होंने ने वहां पहुंचकर काम रुकवाया और माना थाने में इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इसके बाद वे खनन विभाग में इसकी शिकायत दर्ज कराने वाले हैं।

दरअसल माना स्थित मनोपचार अस्पताल के पीछे एक निजी भूमि पर अवैध रूप से मुरुम उत्खनन चल रहा था। वहां बाकायदा जेसीबी से मुरुम निकाल कर हाइवा में लोड की जा रही था। बुधवार सुबह जब इसी जानकारी भूमिस्वामी को मिली तो उन्होंने वहां जाकर काम रुकवाया। जानकारी के अनुसार यह भूमि मीरा त्रिपाठी के नाम पर है। उत्खनन में लगे मजदूरों से पूछने पर उन्होंने बताया कि लैखू बैस नामक व्यक्ति यह काम करवा रहा है। फिलहाल भूमिस्वामी ने इस मामले की शिकायत माना थाना में की है। इसके बाद खनन विभाग में भी शिकायत की जायेगी। शिकायत के बाद अब पुलिस और खनन विभाग क्या कार्रवाई करते है, यह तो समय ही बताएगा।

## विभागों को किया अलर्ट, समिति के जरिए रखेंगे निगरानी

# बारिश में बीमारियों से बचने के लिए नगर निगम चलाएगा अभियान



**रायपुर ( ए. )।** नगर पालिक निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम अधिकारियों को राजधानी रायपुर नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डो में संक्रामक रोगों की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए कारगर रोकथाम करने अभियान चलाने के निर्देश दिए है। इसके लिए जोन कमिश्नरों को नोडल अधिकारी बनाया है।

संक्रामक रोगों की समय पर जानकारी रहने और उससे बचाव करने के लिए विभिन्न विभागों की समन्वय समिति का गठन किया जाएगा, जो स्थिति की निगरानी करेंगे। इसमें स्वास्थ्य विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग, सीएमएचओ कार्यालय, सिविल सर्जन कार्यालय के चिकित्सकों, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अधिकारियों, जिला मलेरिया विभाग शामिल है जो संक्रामक रोगो की जानकारी होते ही उसका प्रसार त्वरित रूप से रोककर लोगों को स्वास्थ्यवर्धक वातावरण एवं राहत दिलाएंगे।

नागरिकों को गंदे पानी से होने वाली उल्टी, दस्त, मलेरिया, डेंगू आदि बीमारियों के लक्षणों, कारणों, बचावों की जानकारी देकर विभिन्न माध्यमों से जागरूक बनाने का कार्य किया जाएगा। डेंगू की रोकथाम के लिए नागरिको को घरों के कूलरों की नियमित सफाई करने के लिए लगातार जागरूक बनाने सुझाव दिया गया। विभिन्न झुग्गी बस्तियों एवं स्लम एरिया में संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए सघन जनजागरण अभियान चलाने का सुझाव निगम की ओर से दिया गया।

शहर के 70 वार्डों में कुओं की होगी सफाई

आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को रायपुर नगर निगम क्षेत्र के सभी 70 वार्डो में स्थित सभी निजी और सार्वजनिक कुओं में सप्ताह में दो बार ब्लीचिंग पाउडर डालकर साफकरने के निर्देश दिए है।

इसके लिए जोन कमिश्नरों को पर्याप्त मात्रा में ब्लीचिंग पाउडर जोन कार्यालय में रखवाया जाएगा और आवश्यकता जोंड पर स्वच्छता निरीक्षकों के माध्यम से कुओं की सफाई कराई जाएगी। बोरिंग हैंडपंप में ब्लीचिंग पाउडर, ब्लीचिंग लिक्वीड डालकर जल शुद्धिकरण का कार्य करने जलप्रदाय विभाग को निर्देश दिए गए है।

आयुक्त ने फिल्टर प्लांट के सहायक अभियंता को शहर के विभिन्न क्षेत्रों के पेयजल श्रोतों के समय पर पेयजल के नमूने लेने और प्रगति का प्रतिवेदन स्वास्थ्य विभाग को देने को कहा है। साथ ही रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक होने पर इस संबंध में तत्काल वरिष्ठ अधिकारी को सूचित करके आवश्यक बचाव कार्य और उपाय करने की ज़िम्मेदारी कार्यपालन अभियंता को दिया है। सार्वजनिक कुओं के चारों ओर चबूतरा बनाये जाने, गंदे पानी की निकासी की सही व्यवस्था करवाई जाएगी। खुले कुओं को ढकवाया जाएगा। जोन कमिश्नरों को अपने संबंधित जोन क्षेत्रों के लिए इसके लिए निर्देश दिए हैं।

समस्त जोन के जोन स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षक को ये कहा गया है कि अपने-अपने जोन में आने वाले सब्जी बाजार, होटल, जलपान गृह, गन्ने एवं फलों के रस की दुकान, आईस्क्रीम पार्लर, बेकरी, मटन, मुर्गा आदि दुकानों का नियमित रूप से निरीक्षण करें और नियमानुसार सड़े गले फल, सब्जी, मिठाई, मटन, मछली आदि के विनिष्टिकरण की कार्यवाही करें। सुबह 10 से 12 बजे तक या दोपहर 3:30 से 5:30 बजे तक जोन स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में ये निरीक्षण किया जाएगा। कर्मचारी की व्यवस्था वार्ड स्वच्छता निरीक्षक करेंगे। सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारियों,कार्यपालन अभियंताओं को निर्देश दिए गए हैं की अपने-अपने संबंधित क्षेत्रों में भ्रमण कर सतर्क व जागरूक होकर महामारी की संभावना वाले क्षेत्रों को चिन्हित कराए ताकि बीमारी से बचाव किया जा सके।

लक्ष्मी जनरल एण्ड फैन्सी स्टोर्स
गारनियार कलर्स, शहनाज,
ओरीफ्लेम, लोरीयल कलर्स,
रेवलोन हिमालय, लेक्मे,
पौन्डस, नीविया,
हबीब शिरम,
इम्पोडेट, कास्मेटिक
बाड़ी वाश,
शैम्पू एवं डियो
परफ्यूम
Ajay Malghany 7389440364
Ramesh Maighany 9302457395
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

J.K. TRADERS
Mohit Ahuja:-
97550 01136
98939 77337
PLASTO प्लास्टो है तो गॅरन्टी है।
Nandini Road, Power House,
Distt.-Durg, Bhilai (CG)

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटरप्यूरीफायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

जीन्स
टी-शर्ट
शर्ट
ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market,
Power House
Bhilai 9826181183




# जया प्रदा की वेब सीरीज फातिमा का ट्रेलर जारी, बलात्कारियों का सफाया करती दिखीं अभिनेत्री

**अभिनेत्री जया प्रदा की वेब सीरीज 'फातिमा' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में देखा जा सकता है कि जया प्रदा एक दृढ़ संकल्पित मां की भूमिका में नजर आ रही हैं। सीरीज में वह फातिमा का किरदार निभा रही हैं, जो अपनी बेटी के साथ हुए बलात्कार का बदला लेती है। सीरीज की कहानी फातिमा और उनकी बेटी के इर्द-गिर्द घूमती है। बेटी के साथ हुए अन्याय का इंसाफ ना मिल पाने की वजह से वह गैरकानूनी रास्ता अपना लेती हैं। 'फातिमा' का निर्देशन संजीव राय ने किया है। सीरीज यूट्यूब पर 23 मई से प्रसारित होगी।**

ट्रेलर में देखा जा सकता है कि कुछ लड़के स्कूल से आती हुई एक लड़की को छेड़ते हैं। वह उसका पीछा करते हैं। एक दिन वह लड़की बदहवास हालत में आती है, जिसके बाद उसकी मां फातिमा (जया प्रदा) उसे पुलिस स्टेशन ले जाती है। समाज में हो रही बदनामी और न्याय ना मिल पाने के कारण फातिमा खुद ही गुनहगारों को सजा देने का मन बना लेती हैं। वह एक-एक करके सभी का सफाया करने लगती हैं। बता दें कि फातिमा का सामना 'भैयाजी' नाम के एक नेता से है।

ट्रेलर में देखा जा सकता है कि फातिमा के द्वारा गुनहगारों की हत्या के बाद वह बड़ी ही चतुराई से मामले की छानबीन कर रहे इंस्पेक्टर की पत्नी को फंसा देती हैं। ट्रेलर के अंत में फातिमा सलाखों के पीछे दिख रही हैं।

काफी लंबे समय के बाद अभिनेत्री जया प्रदा किसी परियोजना में मुख्य किरदार के रूप में वापसी कर रही हैं। बता दें कि यह जया प्रदा के करियर की पहली वेब सीरीज होगी। उनके साथ इसमें हितेन तेजवानी भी अहम भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे।



# द ब्लैक स्वॉर्ड बने मांचू मनोज का दिखा खतरनाक रूप

**अभिनेता मांचू मनोज जल्द हीं फिल्म मिराय में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म से वह लगभग आठ साल बाद तेलुगु फिल्मों में वापसी कर रहे हैं। इससे पहले उन्हें आखिरी बार साल 2017 में रिलीज हुई फिल्म ओक्काडु मिगिलाडु में देखा गया था। इस फिल्म के बाद वह अज्ञात कारणों से फिल्मी चकाचौंध से दूर हो गए थे। अब वह एक बार फिर से पर्दे पर अपना जादू बिखेरने को तैयार हैं।**

फिल्म मिराय से मनोज फिल्मी पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। इस फिल्म में उनका किरदार काफी खतरनाक होने वाला है। फिल्म के निर्माताओं ने उनके जन्मदिन पर अभिनेता की पहली झलक भी दिखाई है। निर्माताओं ने एक टीजर वीडियो जारी किया, जिसमें वह द ब्लैक स्वॉर्ड के किरदार में नजर आ रहे हैं। यह एक संगठन है, जो काफी खूंखार और खतरनाक है। लंबे और बंधे बालों के साथ एक योद्धा के अवतार में मनोज काफी जंच रहे हैं।

अपने किरदार से फैंस को रुबरु कराते हुए अभिनेता ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया। इसमें उन्होंने लिखा,मैं इस पल का काफी लंबे समय से इंतजार कर रहा था ताकि मैं आप सबके सामने अपना नया अवतार पेश कर सकूं, जिसे आप मिराय के द ब्लैक स्वॉर्ड के नाम से भी जानते हैं। मिराय की टीम को बहुत खास बताते हुए अभिनेता ने इस फिल्म में काम करने को अपना सौभाग्य बताया है।

बताते चलें कि फिल्म हनुमान में नजर आए पैन इंडिया स्टार तेजा सज्जा भी इसमें नजर आने वाले हैं। वह अपनी पिछली ब्लॉकबस्टर फिल्म के बाद फिर से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। फिल्म में तेजा सज्जा एक सुपर योद्धा के रूप में नजर आएंगे। वहीं, अभिनेता मांचू मनोज खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं।

बीते दिनों ही निर्माताओं ने फिल्म का पोस्टर भी जारी किया था। इस बहुभाषी फिल्म में तेजा सज्जा के साथ मुख्य भूमिका में रितिका नायक भी नजर आने वाली हैं। फिल्म भारी भरकम बजट के साथ बनाई जा रही है। इसे हिंदी समेत आठ भाषाओं में रिलीज किया जाएगा, जिसमें तमिल, तेलुगु, कन्नण, मलयालम, बंगाली, मराठी और चाइनीज भाषा भी शामिल है। फिल्म 18 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

### मेकर्स ने जारी किया मिराय का टीजर




# इश्क विश्क रिबाउंड के अभिनेता रोहित सराफ काफी मूडी हैं : नायला ग्रेवाल

अभिनेत्री नायला ग्रेवाल रोमांटिक-कॉमेडी इश्क विश्क रिबाउंड में रोहित सराफ के साथ स्क्रीन साझा कर रही हैं। उन्होंने खुलासा किया कि रोहित काफी मूडी व्यक्ति हैं। अभिनेत्री ने मुंबई के जुहू इलाके के एक मल्टीप्लेक्स में अपने साथी कलाकार रोहित, पश्मीना रोशन और जिबरान खान के साथ गाने का टाइटल ट्रैक लॉन्च किया। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, रोहित के पास ऑन-ऑफ स्विच है। मुझे इसका एहसास काफी देर से हुआ। पश्मीना और जिबरान के साथ मैं तुरंत घुलमिल गई, लेकिन रोहित के साथ काफी वक्त लगा।

इस पर रोहित ने मजाक में कहा कि अभिनेत्री इसलिए ऐसा कह रही हैं क्योंकि मेरा मूड बदलता रहता है। इस पर सभी हंस पड़े। नायला ने हास्यपूर्ण लहजे में जवाब देते हुए कहा, हां, लेकिन अब मैंने तुम्हें माफ कर दिया है। निपुण अविनाश धर्माधिकारी द्वारा निर्देशित इश्क विश्क रिबाउंड रमेश तौरानी और जया तौरानी द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 21 जून को सिनेमाघरों में आने वाली है।




# देसी अवतार में मोनालिसा ने बिखेरा जलवा, एक्ट्रेस के किलर पोज फैंस के उड़ा रहे होश

भोजपुरी इंडस्ट्री की खूबसूरत हसीना मोनालिसा आए दिन अपने लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर चर्चाएं बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

भोजपुरी फिल्मों की देसी क्वीन मोनालिसा सोशल मीडिया पर हमेशा ही अपने ग्लैमरस लुक्स के कारण छाई रहती हैं। आए दिन वह अपनी खूबसूरत तस्वीरें और वीडियो शेयर कर फैंस को दीवाना बना देती हैं। हाल ही में, मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह देसी लुक में नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में मोनालिसा ने नीले रंग की साड़ी पहनी हुई है और माथे पर बिंदी लगा रखी है। उन्होंने गले में गोल्डन नेकलेस और कानों में गोल्डन झुमके पहने हुए हैं।

मोनालिसा का यह देसी लुक उनके फैंस को खूब पसंद आ रहा है। तस्वीरों पर लाइक्स और कमेंट्स की बाढ़ आ गई है। एक फैन ने लिखा, आप तो और भी खूबसूरत लग रही हैं मोनालिसा जी। दूसरे फैन ने लिखा, आप देसी लुक में कमाल लग रही हैं। मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 5 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं।

# शरवरी वाघ की नई हॉरर-कॉमेडी फिल्म मुंज्या का टीजर जारी, 7 जून को सिनेमाघरों में देगी दस्तक




स्त्री की सफलता के बाद, मैडॉक फिल्म्स भारत के पहले सीजीआई अभिनेता मुंज्या के साथ अपनी आगामी फिल्म के साथ हर किसी का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। मेकर्स ने बच्चों का खास ध्यान रखते हुए फिल्म का निर्माण किया है और दावा किया है कि यह फिल्म बच्चों को काफी पसंद आने वाली है।

टीजर में मुंज्या की दुनिया की एक झलक पेश करता है, जो दर्शकों को एक रहस्यमयी मुन्नी की खोज के बारे में जानने के लिए उत्सुक करता है। यह डरावनी, लेकिन कॉमेडी झलक दर्शकों को मुंज्या के पीछे के रहस्यों को जानने के लिए उत्सुक करती है। स्त्री और भेड़िया जैसे लोकप्रिय पात्रों के निर्माता, मैडॉक फिल्म्स अब एक नए प्रकार के पात्र के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। मुंज्या सिर्फ एक प्राणी नहीं है, जो बातचीत कर सकता है और चल सकता है। यह एक डिजिटल चमत्कार है, जो अपनी हर हरकत से डर पैदा करता है।

यह फिल्म आधुनिक तकनीक को अपनाने के दिनेश विजान के दृष्टिकोण का एक प्रमाण है। दिनेश का यह दृष्टिकोण फिल्म में शुरू से लेकर अंत तक पूरी तरह से महसूस की गई है। बता दें कि यह सीजीआई को प्रदर्शित करने वाली पहली भारतीय फिल्म बन गई है। 24 मई को फिल्म का ट्रेलर रिलीज होगा।

फिल्म में शरवरी, मोना सिंह, अभय वर्मा और सत्यराज मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है। मुंज्या 7 जून 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। मालूम हो कि फिल्म टीजर रिलीज होने के बाद से ही इसे सोशल मीडिया पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। एक यूजर ने लिखा, फिल्म देखने के लिए उत्साहित हूं। दूसरे यूजर ने लिखा, फिल्म बच्चों को जरूर पसंद



आएगी। एक और यूजर ने लिखा, मैडॉक फिल्म्स का नया आविष्कार सराहनीय है।

# खूंखार अवतार में अनिल कपूर के साथ साजिश के जाल बुनती दिखीं दिव्या खोसला

### सवीः ए ब्लडी हाउसवाइफ का दमदार ट्रेलर जारी






अभिनेत्री दिव्या खोसला सावि से धमाल मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म के दो टीजर जारी करते हुए फैंस का उत्साह बढ़ाया था, जिसके बाद से फैंस इसके ट्रेलर का इंतजार कर रहे थे। वहीं, आखिरकार अब निर्माताओं ने फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें दिव्या खोसला का खतरनाक अवतार देखने को मिला।

ट्रेलर की शुरुआत दिव्या खोसला के किरदार से होती हैं। वे कैमरे में अपना बयान रिकॉर्ड करती हैं और कहती हैं कि अगर आप यह वीडियो देख रहे हैं तो आप सब जानते हैं कि मैं एक क्रिमिनल हूं। इसके बाद वे अपनी कहानी की झलक दिखाती हैं। दिव्या का किरदार सावि अपने पति यानि हर्षवर्धन राणे और बेटे के साथ हंसी-खुशी रहती हैं, लेकिन एक दिन उनकी खुशियों पर ग्रहण लग जाता है। उनके पति को खून और ड्रग्स के इल्जाम में देश के सबसे बड़े जेल में बंद कर दिया जाता है। सावि यह जानती हैं कि उनका पति बेगुनाह है और ऐसे में वे पति को जेल तोड़कर बाहर लाने की योजना बनाती है। उनकी जिंदगी का यह सफर उन्हें एक साधारण ग्रहणी से क्रिमिनल बना देता है।

सावि की इस खतरनाक साजिश को अंजाम देने के लिए उन्हें अनिल कपूर की मदद मिलती है। वे कहते हैं कि उनके पास हर ताले की चाबी है, बस उसे लगाने वाला चाहिए। अनिल सावि को जुर्म की दुनिया में उतारते हैं और खतरनाक योजना बनाते हैं, जिसमें सावि की जान को भी खतरा हो सकता है। अपने परिवार को टूटने से बचाने के लिए सावि इस खतरे को पार करने के लिए तैयार है। ट्रेलर में दिव्या खोसला का दमदार एक्शन अवतार भी देखने को मिला। अब ऐसे में देखना यह होगा कि वे अपने मकसद में कामयाब हो पाती हैं या नहीं।

फिल्म में दिव्या खोसला के साथ अनिल कपूर और हर्षवर्धन राणे भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म की पूरी शूटिंग लंदन में की गई है। फिल्म सावी का निर्माण विशेष मनोरंजन और टी-सीरीज के बैनर मुकेश भट्ट, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार ने किया है। शिव चाना और साक्षी भट्ट सह-निर्माता के रूप में शामिल हैं। यह फिल्म एक बेहतरीन एक्शन एक्शन से भरपूर है।हालांकि, यह देखने के लिए कि एक साधारण गृहिणी कैसे सबसे बड़ी जेल तोड़कर अपने पति को वापस लाती है, इसके लिए फिल्म के रिलीज होने तक का इंतजार करना होगा। यह फिल्म 31 मई, 2024 को रिलीज होगी।

# हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन से बचना है तो डाइट में शामिल कर लें ये चीजें

**गर्मी के इस दौर में सेहत को दुरुस्त रखने के लिए जरूरी है कि डाइट में ऐसी चीजों को शामिल किया जाए जिनसे आपके शरीर में पानी की कमी ना हो और आपकी बॉडी हीट स्ट्रोक से बची रह सके।**

गर्मी इस वक्त अपने प्रचंड रूप में लोगों पर कहर बरसा रही है। तापमान 45 पार जा रहा है और ऐसे में घर से बाहर निकलना एक बड़ी चुनौती बन गया है। ऐसे में सबसे बुरा असर आपकी सेहत पर पड़ रहा है। लोग हीट स्ट्रोक की चपेट में आ रहे हैं और जिसे देखो डिहाईड्रेशन का शिकार हो रहा है।

गर्मी के इस दौर में सेहत को दुरुस्त रखने के लिए जरूरी है कि डाइट में ऐसी चीजों को शामिल किया जाए जिनसे आपके शरीर में पानी की कमी ना हो और आपकी बॉडी हीट स्ट्रोक से बची रह सके। चलिए आज ऐसी ही कुछ ठंडक देने वाली चीजों की बात करते हैं जिनको खाकर आप गर्मी का शिकार बनने से बच सकेंगे।

गर्मियों में आने वाले फल जैसे,आम, संतरा, खरबूजा, मौसमी और अनार भी आपके शरीर को ठंडक देंगे और शरीर में पानी के साथ साथ पोषक तत्वों की भी कमी दूर करेंगे। इन फलों में पाया जाने वाला विटामिन सी आपकी इम्यूनिटी को मजबूत बनाए रखेगा और आपके शरीर को ठंडक मिलती रहेगी।

खीरा तो आप सलाद के रूप में शौक से खाते होंगे। खीरा पानी से भरपूर सब्जी है जिसे गर्मियों में आप आराम से खा सकते हैं। इसके अंदर पाए जाने वाले न्यूट्रिएंट्स आपके शरीर में ठंडक भी रखेंगे और पानी की कमी भी नहीं होगी। इसके साथ साथ सन टैन से अगर आपकी स्किन झुलस गई है तो भी खीरा खाना आपके लिए फायदेमंद होगा क्योंकि ये आपकी स्किन को भी हेल्दी और चमकदार बनाने में मदद करेगा।

नारियल पानी ढेर सारे पोषक तत्वों से लैस है। खासतौर पर गर्मियों में यह आपके शरीर में पानी की कमी दूर करेगा और आपको लू से भी बचा लेगा। इसलिए गर्मी के मौसम में नारियल पानी का सेवन करना सेहत के लिए अच्छा माना जाता है।

आपको पता ही होगा कि गर्मी में जब शरीर से ज्यादा पसीना निकलता है तो शरीर में पानी की कमी हो जाती है और शरीर डिहाइड्रेशन का शिकार हो जाता है। इसके अलावा गर्मी जब आप लू में बाहर निकलते हैं तो आप हीट स्ट्रोक का शिकार हो सकते हैं। ऐसे में शरीर को ठंडा और हाइड्रेट रखने लिए आपको तरबूज का सेवन करना चाहिए। तरबूज पानी से भरपूर फल है और इसके अंदर विटामिन सी के साथ साथ पोटेशियम भी होता है। इसके सेवन से आपके शरीर में पानी की कमी नहीं होगी और शरीर में ठंडक बनी रहेगी।

## खास खबर

### शाहरुख खान की अचानक बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में करना पड़ा भर्ती

**मुंबई ( ए. )।** बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान की गुजरात के अहमदाबाद में बुधवार को तबीयत बिगड़ गई। जिस कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। शाहरुख की पत्नी गौरी खान भी अस्पताल पहुंच गई हैं। दरअसल, अहमदाबाद में भयंकर गर्मी पड़ रही है और पारा 43 डिग्री के आस पास बना हुआ है। ऐसे में किंग खान भी इस भारी गर्मी से बच नहीं पाए और दोपहर में उनकी तबीयत खराब हो गई। पानी की कमी और खांसी होने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल किंग खान का इलाज किया जा रहा है। डॉक्टर उनकी सेहत पर नजर बनाए हुए हैं। फिलहाल शाहरुख की तबीयत ठीक है। अस्पताल में उनके साथ जूही चावला भी मौजूद हैं।

बता दें कि बीते रोज़ अहमदाबाद में आईपीएल का पहला क्वालीफायर मैच खेला गया था। इसमें शाहरुख की टीम ने दमदार प्रदर्शन किया और एसआरएच को 8 विकेटों से करारी शिकस्त दी। टीम के उमदा प्रदर्शन से शाहरुख बेहद खुश नज़र आए। मैच के बाद वो मैदान पर भी खिलाड़ियों के साथ देखे गए। बाद में उन्होंने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पहुंचे हज़ारों समर्थकों का आभार व्यक्त किया। शाहरुख खान ने बेटे अबराम और बेटी सुहाना के साथ पूरे मैदान का चक्कर लगाया और दिल से सभी फैंस का आभार जताया।

### आरबीआई भरेगी सरकारी खजाना, केन्द्र को देगी 2.11 लाख करोड़ रुपए का डिविडेंड

**नई दिल्ली ( ए. )।** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपए के लाभांश (डिविडेंड) का भुगतान करने का ऐलान किया। यह रकम पिछले साल की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए आरबीआई ने 87,416 करोड़ रुपये का डिविडेंड सरकार को दिया था। गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में आयोजित आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 608वीं बैठक में डिविडेंड भुगतान का निर्णय लिया गया। बैठक में केंद्र सरकार को अधिशेष (Surplus) के रूप में 2,10,874 करोड़ रुपए ट्रांसफर करने को मंजूरी दी गई। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि सरकार के अनुमान से भी दोगुना पैसा मिलने से सरकार को अपना राजकोषीय घाटा कम करने में मदद मिलेगी। कोटक महिंद्रा की मुख्य अर्थशास्त्री उपासना भारद्वाज ने कहा कि सरकार को आरबीआई से अतिरिक्त राजस्व मिलने से फिस्कल डेफिसिट 0.4 प्रतिशत तक कम करने में मदद मिलेगी। 2024-25 के लिए सरकार ने फिस्कल डेफिसिट का टारगेट GDP का 5.1 प्रतिशत यानी 16.85 लाख करोड़ रुपए तय किया है।

#### RBI की ओर से सरकार को दी गई राशि

| वर्ष | सरप्लस |
|---|---|
| 2016-17 | 30,659 |
| 2017-18 | 50,000 |
| 2018-19 | 1,76,051 |
| 2019-20 | 57,128 |
| 2020-21 | 99,122 |
| 2021-22 | 30,307 |
| 2022-23 | 87,416 |
| 2023-24 | 2,10,874 |

(राशि करोड़ रुपए में)

### अगले महीने से बदल जाएंगे कई वित्तीय नियम, आपकी जेब पर पड़ेगा सीधा असर

**नई दिल्ली ( ए. )।** मई का महीना खत्म होने वाला है और कुछ दिन में जून का महीना शुरू हो जाएगा। हर महीने की पहली तारीख को कई वित्तीय नियमों में बदलाव होता है। जून के महीने में भी पैसों से जुड़े नियम बदल जाएंगे।




**एलपीजी सिलेंडर प्राइस :** ऑयल मार्केटिंग कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी सिलेंडर की कीमतों को अपडेट करती है। मई के महीने में तेल कंपनियों ने कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में कटौती की। 1 जून 2024 को घरेलू सिलेंडर और कमर्शियल सिलेंडर के दाम अपडेट होंगे।

**बैंकों हॉलिडे :** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा जारी बैंक हॉलिडे लिस्ट के अनुसार जून में 10 दिन बैंक बंद रहेंगे। इसमें रविवार, दूसरा-चौथा शनिवार की छुट्टी भी शामिल है। जून में राजा संक्रांति और ईद-उल-अधा जैसी अन्य छुट्टियों की वजह से बैंक बंद रहेगा। ऐसे में बैंक जाने से पहले हॉलिडे लिस्ट जरूर चेक करें।

**ट्रैफिक के नियमों में बदलाव :** 1 जून से ट्रैफिक के नियम में बदलाव होने वाले हैं। आपको बता दें कि अगले महीने से ड्राइविंग लाइसेंस के नए नियम लागू होगा। अगर कोई व्यक्ति इन नियमों का उल्लंघन करता है तो उसे भारी जुर्माना भरना पड़ेगा। नए नियम के अनुसार अगर कोई व्यक्ति तेज स्पीड में वाहन चलाता है तो उसे 1000 रुपये से 2000 रुपये तक का जुर्माना देना पड़ सकता है। वहीं, बिना लाइसेंस के गाड़ी चलाने पर 500 रुपये का जुर्माना देना पड़ेगा। इसके अलावा अगर गाड़ी चालक बिना हेलमेट या सीटबेल्ट के गाड़ी चलाता है तो उसे 100 रुपये का जुर्माना देना होगा।

धार्मिक मुद्दों-अग्निवीर योजना पर ना हो बयानबाजी

# चुनाव आयोग सख्त : भाजपा-कांग्रेस को दिया निर्देश

**नई दिल्ली (ए.)।** आम चुनाव में पांचवें चरण का मतदान समाप्त होने के बाद चुनाव आयोग ने देश के दो प्रमुख दलों भाजपा और कांग्रेस को जाति, समुदाय, भाषा और धार्मिक आधार पर प्रचार करने से बचने की सलाह दी है।




आम चुनाव में पांचवें चरण का मतदान समाप्त होने के बाद चुनाव आयोग ने देश के दो प्रमुख दलों भाजपा और कांग्रेस को जाति, समुदाय, भाषा और धार्मिक आधार पर प्रचार करने से बचने की सलाह दी है। आयोग ने दोनों दलों से कहा कि वे अपने स्टार प्रचारकों को अपने भाषण सुधारने, सावधानी बरतने और मर्यादा बनाए रखने के लिए औपचारिक नोट जारी करे। आयोग ने कहा कि चुनाव आते जाते रहते हैं पर राजनीतिक दल बने रहेंगे। भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक तानेबाने की रक्षा करना सबसे बढ़ कर है।

### भाजपा-कांग्रेस को दिया निर्देश

दोनों दलों की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ की गई शिकायतों की समीक्षा के बाद चुनाव आयोग ने बुधवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अलग-अलग पत्र लिखकर यह सुनिश्चित करने को कहा कि उनके स्टार प्रचारक आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करें। आयोग ने कहा कि इसके लिए उन्हें निर्देश जारी किया जाए। क्योंकि, स्टार प्रचारकों के कथित बयानों पर दोनों पार्टियों द्वारा पेश किया गया बचाव टिकने वाला नहीं है।

### दरार पैदा करने वाली बात से दूर रहें

आयोग ने नड्डा को लिखे पत्र में निर्देश दिया कि पार्टी अध्यक्ष के रूप में वह ऐसे भाषण और वक्तव्य न होने दें जो 'समाज में दरार पैदा कर सकते हैं'। आयोग ने लिखा कि पार्टी के संबंधित स्टार प्रचारक ऐसी कहानियां सुना रहे हैं जो आचार संहिता के बाद भी घातक हो सकते हैं। कांग्रेस की शिकायत पर आयोग के 28 अप्रैल के नोटिस का जवाब नड्डा की ओर से 13 मई को दिया था।

### संविधान के खिलाफ भ्रम न फैलाएं

आयोग ने खड़गे को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि प्रचारक ऐसे भ्रामक बयान न दें कि भारत के संविधान को समाप्त किया जा सकता है या बेचा जा सकता है। प्रचारकों और उम्मीदवारों को सेना की गतिविधियों के खिलाफटिप्पणी न करने और रक्षा बलों की सामाजिक-आर्थिक संरचना के बारे में विभाजनकारी बयान से दूर रहें।

### मतदाताओं के बूथवार आंकड़े देना कोई कानूनी बाध्यता नहीं, आयोग का हलफनामा




आम चुनाव में मतदान के अंतिम आंकड़ों को लेकर उठाए जा रहे सवालों के बीच चुनाव आयोग ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि प्रत्येक बूथ पर मतदान का प्रमाणित आंकड़ा जारी करने की कोई कानूनी बाध्यता नहीं है। आम चुनाव में मतदान के अंतिम आंकड़ों को लेकर उठाए जा रहे सवालों के बीच चुनाव आयोग ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि प्रत्येक बूथ पर मतदान का प्रमाणित आंकड़ा जारी करने की कोई कानूनी बाध्यता नहीं है। आयोग के हलफनामे में कहा गया कि फॉर्म 17 सी के आधार पर मतदाताओं के बूथवार आंकड़े सार्वजनिक करने से संशय के हालत पैदा होंगे क्योंकि, बाद में इसमें पोस्टल बैलेट के वोट शामिल किए जाएंगे। यह कन्फ्यूजन तब और बढ़ जाएगा जब मुकाबला नजदीकी हो।

#### आयोग एडीआर की याचिका का विरोध

आयोग ने बताया कि बूथवार आंकड़े जारी करने के बाद लोगों को यह समझाना मुश्किल हो जाएगा कि मतदाताओं की अंतिम संख्या में बदलाव क्यों हो गया। इस स्थिति का फायदा निहित स्वार्थी लोग उठा सकते हैं जो पूरी चुनाव प्रक्रिया पर असर डालने वाले होंगे। आयोग एडीआर की याचिका का विरोध कर रहा है जिसमें उसने 48 घंटे के भीतर मतदान के बूथवार आंकड़े जारी करने की मांग की है। आयोग ने एडीआर पर भी निहित हितों के कारण आयोग के कामकाज पर शक पैदा करने का आरोप लगाया।

#### आदर्श आचार संहिता का सख्ती से करें पालन

दोनों दलों की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ की गई शिकायतों की समीक्षा के बाद चुनाव आयोग ने बुधवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अलग-अलग पत्र लिखकर यह सुनिश्चित करने को कहा कि उनके स्टार प्रचारक आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करें। आयोग ने कहा कि इसके लिए उन्हें निर्देश जारी किया जाए। क्योंकि, स्टार प्रचारकों के कथित बयानों पर दोनों पार्टियों द्वारा पेश किया गया बचाव टिकने वाला नहीं है।

# फर्जी पंजीकरण के नाम पर यात्रियों से लाखों की ठगी

**यात्रियों की लिखित शिकायत पर नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**देहरादून (ए.)।** कुछ यात्रियों के पंजीकरण को चेक किया तो पंजीकरण और पंजीकरण में अंकित तिथि में काफी अंतर दिखा। जांच करने पर पता चला कि बाद की तिथि के पंजीकरण में फेरबदल कर उसे वर्तमान तिथि में उपयोग में लाया गया है।




केदारनाथ यात्रा के पंजीकरण के नाम पर फर्जी पंजीकरण देकर 4.40 लाख की ठगी का मामला रुद्रप्रयाग पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने यात्रियों की लिखित शिकायत पर नौ मुकदमे दर्ज किए हैं। रुद्रप्रयाग एसपी डॉ. विशाख अशोक भदाणे ने बताया कि केदारनाथ यात्रा में यह पहला प्रकरण है, जब पंजीकरण के लिए यात्रियों से इस तरह से ठगी गई है।

प्रेसवार्ता में उन्होंने बताया कि बुधवार को ऋषिकेश-बदरीनाथ राजमार्ग पर जवाड़ी बाईपास स्थित पुलिस चौकी पर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान कुछ यात्रियों के पंजीकरण को चेक किया तो पंजीकरण और पंजीकरण में अंकित तिथि में काफी अंतर दिखा। जांच करने पर पता चला कि बाद की तिथि के पंजीकरण में फेरबदल कर उसे वर्तमान तिथि में उपयोग में लाया गया है।

एसपी ने बताया कि पुलिस ने संबंधित यात्रियों और ट्रेवल्स एजेंसी के कर्मचारी से पूछताछ की तो स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई। यात्रियों ने बताया कि वह अलग-अलग प्रांतों से केदारनाथ यात्रा पर आए हैं। हरिद्वार में टूर ऑपरेटर के माध्यम से कुछ लोगों ने उनका पंजीकरण किया है।

### यमुनोत्री धाम में फर्जी पंजीकरण के साथ पकड़ी गई थीं दो बसें

बताया कि रजिस्ट्रेशन के लिए हरिद्वार व दिल्ली में उनसे कुछ लोगों ने 2500 रुपये से लेकर 3.50 लाख रुपये तक लिए थे। लेकिन यहां जांच में उनका रजिस्ट्रेशन फर्जी मिला है। डॉ. विशाखा अशोक भदाणे ने बताया कि पीड़ितों की लिखित शिकायत पर 9 मुकदमे दर्ज किए गए हैं। साथ ही यात्रियों के द्वारा जिन लोगों के नाम बताए गए हैं, उनके बारे में पूरी जानकारी जुटाई जा रही है। बता दें कि इससे पहले यमुनोत्री धाम में फर्जी पंजीकरण के साथ दों बसें पकड़ी गई थीं। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।

### सरकार की वेबसाइट से ही करें पंजीकरण

एसपी ने बताया कि चारधाम यात्रा के पंजीकरण कराने के लिए कुछ टूर ऑपरेटर कुछ शातिर लोगों के साथ मिलकर यात्रियों को गुमराह कर उन्हें फर्जी पंजीकरण थमा रहे हैं। इसकी एवज में उनसे रकम ऐंठी जा रही है। ऐसे में यात्री उत्तराखंड सरकार की वेबसाइट से ही पंजीकरण करें। साथ ही यात्रा में आते हुए स्थानीय पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें।

# दिल्ली में प्रचार के आखिरी दिन भाजपा ने झोंकी ताकत, रोड शो में दिखाया दम



**नई दिल्ली ( ए. )।** उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार मनोज तिवारी ने रोड शो किया। वहीं, स्मृति ईरानी ने चांदनी चौक लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवीण खंडेलवाल के समर्थन में रोड शो किया।

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने चांदनी चौक लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवीण खंडेलवाल के समर्थन में रोड शो किया। यहां कांग्रेस पार्टी ने जेपी अग्रवाल को मैदान में उतारा है। उधर, उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार मनोज तिवारी ने रोड शो किया। कांग्रेस ने कन्हैया कुमार को इस सीट से मैदान में उतारा है। दिल्ली की सभी सातों सीट पर लोकसभा चुनाव के छठे चरण में, 25 मई को मतदान होगा।

चांदनी चौक लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, कार्यकर्ताओं का उत्साह देखा जा सकता है। जिस तरह से दिल्ली में लोग पीएम नरेंद्र मोदी को समर्थन दे रहे हैं और उनके 10 साल के काम से मुझे विश्वास है कि हम चांदनी चौक सीट पर रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल करेंगे। पीयूष गोयल भी आज मेरा समर्थन करने आ रहे हैं। माहौल बहुत सकारात्मक है। चांदनी चौक लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार जेपी अग्रवाल के बारे भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि वह पिछले 25 साल से चांदनी चौक से गायब हैं। इसलिए, कोई चुनौती नहीं है। हम रिकॉर्ड मतों से जीत रहे हैं।

# मालीवाल केस में निर्भया की मां ने केजरीवाल को दी सलाह

**समर्थन से भावुक स्वाति**

**नई दिल्ली ( ए. )।** दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने उनके समर्थन में वीडियो बनाने के लिए निर्भया की मां का धन्यवाद किया। कहा कि निर्भया की माता जी ने देश में इंसाफ की लंबी लड़ाई लड़ी है। उन्होंने मेरे समर्थन में वीडियो बनाई तो दिल भावुक हो गया।



निर्भया की माता को याद करते हुए स्वाति ने कहा कि जब मैं बच्चियों के रेपिस्ट को सजा दिलाने के लिए अनशन कर रही थी, तब भी उन्होंने मेरा साथ दिया था। आज उन्होंने मेरे समर्थन में ये वीडियो बनाई तो दिल बड़ा भावुक हुआ। साथ ही उन्होंने कहा कि इसमें कोई बड़ी बात नहीं कि अभी कुछ नेता मेरा समर्थन करने के लिए इन्हें भी बीजेपी का एजेंट बता देंगे।

निर्भया की मां आशा देवी ने एक वीडियो में कहा कि स्वाति मालीवाल के साथ बहुत गलत हुआ है। वह स्वाति मालीवाल को बहुत अच्छे से जानती हैं। उनसे कई बार मुलाकात हुई है और साथ में बहुत काम भी किया है। उन्होंने हमारी बेटी के मामले में भी बहुत मदद की। मैंने कई महिलाओं के केस के बारे में उनसे बात की थी। उन्होंने जितना हो सके मदद की है। आशा देवी ने कहा कि अगर इतनी पावरफुल महिला सुरक्षित नहीं हैं तो आम महिलाएं कैसे सुरक्षित रह सकती हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर आज की तारीख में किसी बच्ची के साथ कुछ होता है तो दस जगह धक्के खाओ, इंसाफ तो बहुत दूर की बात है। वादा करना अलग चीज है उस पर काम करना अलग चीज है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इस मामले में कार्रवाई करनी चाहिए।

इससे पहले उनके साथ घटी घटना को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए स्वाति ने कहा था कि मैंने जब केस दर्ज कराई तो मेरे खिलाफ नेताओं और वालंटियर की पूरी फौज लगा दी गई। मुझे बीजेपी का एजेंट बुलाया गया। मेरा चरित्र हरण कराया गया। काट पीट के वीडियो लीक की गई। सबूत से छेड़छाड़ करी गई। आरोपी के लिए खुद सड़क पर उतर गए और अब मुख्यमंत्री साहब जिनके ड्राइंग रूम में मुझे पीटा गया, वो कह रहे हैं कि उन्हें इस मामले में निष्पक्ष जांच चाहिए। इससे बड़ी विडंबना क्या होगी। मैं इसे नही मानती। कथनी और करनी एक समान होनी चाहिए।

# आज पीएम मोदी की जनसभा के लिए सुरक्षा कड़ी, सात सुरक्षा घेरे में रहेंगे पीएम

**चंडीगढ़ (ए.)।** पंजाब में किसान अपनी मांगों को लेकर भाजपा उम्मीदवारों का विरोध कर रहे हैं। जहां भी प्रत्याशी चुनाव प्रचार करने जा रहे हैं, उन्हें घेरकर सवाल पूछे जा रहे हैं। किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी सवाल पूछने का और उन्हें काली झंडियां दिखाने का एलान किया हुआ है।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीरवार को पटियाला में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। पीएम की सुरक्षा में कोई चूक न हो, इसको लेकर सात सुरक्षा घेरे बनाए गए हैं। पीएम मोदी के सबसे नजदीकी सुरक्षा कवच में एसपीजी तैनात रहेगी। दूसरे घेरे में एनएसजी और अन्य बलों के कमांडो, तीसरे में गुजरात पुलिस की विशेष टुकड़ी, चौथे में सीआरपीएफ व केंद्रीय बल के जवान, पांचवें में इंटेलिजेंस, छठे में पंजाब पुलिस के कमांडो और सातवें में पंजाब पुलिस की कर्मी तैनात रहेंगे। पीएम मोदी इस रैली में मंच पर केवल चुनिंदा नेता ही उपस्थित रहेंगे।

पीएम मोदी के रैली में पहुंचने से पहले एसपीजी पूरे मंच को अपने कब्जे में ले लेगी। सबसे पहले मंच का मुआयना किया जाएगा। इसके लिए बम डिस्पोजल और डॉग स्क्वॉयड वहां मौजूद रहेंगे। इसके अलावा एसपीजी के कुछ कमांडो रैली में सादे कपड़ों में आम नागरिक के बीच भी उपस्थित रहेंगे, ताकि अगर कोई सुरक्षा के इस चक्रव्यूह को भेदने की कोशिश करता है, उसे वहीं दबोच लिया जाए। डीजीपी गौरव यादव ने पीएम मोदी की रैली के लिए पटियाला को हाई अलर्ट पर रखा है।





















## खास खबर

### राजधानी में महिला से डेढ़ लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर ( ए. )।** अवधपुरी पुरानी बस्ती में बीसी खिलाने के नाम पर 1 लाख 60 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया अनिता नायक 50 वर्ष विकाश विहार कालोनी रायपुरा की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपिया प्रिति राव 39 वर्ष, आरोपिया के पति हलधर राव व रूपेश राव ने बीसी खिलाने के नाम पर प्रार्थिया से 1 जुलाई 2012 से 31 दिसंबर 2015 के मध्य प्रतिमाह 2 हजार रुपए ले लिए। इस तरह आरोपियों ने कुल 1 लाख 60 हजार रुपए ठग लिए और पैसा वापस नहीं किए। प्रार्थिया ने मामले की शिकायत कोर्ट में की थी, जिससे कोर्ट के आदेश पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की हुई मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**जगदलपुर ( ए. )।** कुम्हरावंड में रहने वाले एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उसकी बाइक को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। रात के वक्त युवक किसी काम से घर से निकला था। सुबह के वक्त एक शख्स ने उसका शव देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी।युवक की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि कुम्हरावंड नयापारा निवासी प्रकाश कश्यप पिता सहदेव 25 वर्ष बीती रात अपनी बाइक लेकर किसी काम से निकला, जिसके बाद रात भर नही आया, सुबह गांव के ही कुछ लोगों ने बताया कि एलआईसी कंगोली तालाब के पास किसी अज्ञात वाहन ने प्रकाश की बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में प्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई, घटना की जानकारी लगते ही परिजन मौके पर आ पहुंचे। जहां शव को झाडियों से बाहर निकाला गया और पीएम के लिए भिजवाया गया।

### शराब पीते आधा दर्जन गिरफ्तार

**रायपुर ( ए. )।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।8

# दुर्ग पुलिस की गिरफ्त में आए बकरी चोर गिरोह ग्रामीण क्षेत्रों में देते थे वारदात को अंजाम

## दो गिरोह के 6 सदस्य गिरफ्तार, 14 लाख 54 हजार का मशरुका बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में पुलिस को बकरी चोरी करने वाले दो गिरोह के 6 सदस्यों को पकड़ने में सफलता मिली है। पुलिस को इन बकरी चोरों की लंबे समय से तलाश थी। पाटन, बोरी, धमधा, नंदिनी व पुलगांव थाना क्षेत्र में बकरी चोरियों के मामले में इन दोनों गिरोह का हाथ है। बकरी चोरी के लिए लग्जरी गाड़ी का इस्तेमाल होता था। चोरों ने बकरियों को चोरी करने के बाद इन्हें हलाल कर बेच दिया और बिक्री की रकम आपस में बांट ली। अब यह गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ा। पुलिस ने आरोपियों के पास से बकरियों को बेचकर कमाई गई रकम करीब 3 लाख 54 हजार रुपए और दो गाड़ियां जब्त की हैं। पुलिस ने आरोपियों से कुल 14 लाख 54 हजार का मशरुका बरामद किया है।

बता दें ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रांम गुजरा पाटन, पीपरछेड़ी पुलगांव, बोरी, खिसोराकला धमधा, बानबरद नंदनी में पशुधन बकरा एवं बकरियों की चोरी की घटनाएं लगातार हो रही थी। पाटन के ग्राम गुंजरा में सरपंच की बाड़ी से 75 बकरे-बकरियां चोरी हो गई थी। उक्त सभी मामलों में संबंधित थानों में शिकायतें दर्ज कराई गई। लगातार बढ़ रहे पशुधन की चोरियों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने आरोपियों की शीघ्र पतासाजी करने का निर्देश दिया था। एसपी के निर्देश के बाद संबंधित थानों की पुलिस के साथ ही एसीसीयू की टीमें में लगातार आरोपियों की पतासाजी में लगी रही। पुलिस टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और तकनीकी सहायता से दशहरा मैदान के पास आजाद चौक रूआबांधा निवासी रजा अहमद का सुराग मिला।

109 बकरियों को चुराकर हलाल कर बेचा

इसके बाद पुलिस ने रजा अहमद (24) को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने अपने छोटे भाई जावेद हुसैन अहमद (21) और खुर्सीपार निवासी अपने साथी जावेद हुसैन उर्फ सोनू के साथ मिलकर ईद के करीब एक सप्ताह पहले पाटन के ग्राम गुंजरा गांव से सरपंच की बाड़ी से बकरे व बकरियां चुराने की बात मानी। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पाटन के ग्राम गुजरा निवासी एक किसान के ब्यारा से बकरा और बकरी को खोलकर उसे हकालकर मेन रोड तक ले गए थे। इसके बाद उन्होंने अपनी कार में जानवरों को दो बार में भरकर जावेद हुसैन उर्फ सोनू के खुर्सीपार स्थित गोदाम में छिपा दिया था। वहां से आरोपियों ने सभी बकरों-बकरियों को हलाल कर बेच दिया था और बिक्री के रकम को आपस में बांट लिया था। पूछताछ में आरोपियों ने पुलगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पीपरछेड़ी के एक कच्चे मकान से भी 34 नग पशुधन चोरी करने की बात स्वीकार की। आरोपियों ने उन जानवरों को भी हलाल कर उसे बेच दिया था। पुलिस ने आरोपी रजा अहमद और उसके भाई जावेद अहमद को गिरफ्तार किया। वहीं उनका तीसरा साथी जावेद हुसैन उर्फ सोनू फरार है। जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से दो लाख रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त सूमो वाहन को जब्त किया है।

बाइक पर रेकी और उसके बाद चोरी

बकरियों की चोरी के अन्य मामलों में पुलिस ने एक नाबालिग सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दूसरे चोर गिरोह में शामिल आरोपी अरुण कुमार देशलहरा (30) निवासी राधिका नगर सुपेला, लक्ष्मी जोशी (25) निवासी सेक्टर-7 महाराणा प्रताप भवन के पास झोपड़पट्टी, गजानंद बंजारे (24) निवासी सिकारी केसजी जिला बलौदाबाजार और एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों ने बोरी थाना के ग्राम परसाखुर्द, नंदिनी थाना क्षेत्र के ग्राम बानबरद और धमधा थाना क्षेत्र के ग्राम खिलोराकला से बकरा व बकरी चोरी करने की बात स्वीकार की। इस गिरोह में शामिल अपचारी बालक बाइक से घूम घूमकर चोरी के लिए स्थान चिह्नित करता था। इसके बाद वो अपने साथियों को इसकी जानकारी देता था। जिसके बाद सभी आरोपी अरुण कुमार देशलहरा की बोलेरो कार से उस गांव में जाकर चोरी करते थे। इन आरोपियों ने चोरी के बकरा और बकरी को काटकर बेच दिया था। पुलिस ने सभी आरोपियों के पास से कुल एक लाख 54 हजार रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त बाइक व बोलेरो कार को जब्त किया है। जब्त किए गए कुल समान की कीमत 7 लाख 54 हजार रुपये आंकी गई है।

## अवैध गौण खनिज परिवहन करते 6 वाहन जप्त

**जगदलपुर ( ए. )।** कलेक्टर विजय दयाराम के.के निर्देशानुसार जिला खनिज जांच दल द्वारा 20 एवं 21 मई 2024 को बस्तर जिले के अंतर्गत नगरनार, मालगांव, बजावण्ड, बनियागांव, कोड़ेनार एवं कामानार क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया। जिस में खनिज रेत के अवैध परिवहन और उत्खनन कर रहे 6 वाहनों पर प्रकरण दर्ज करते हुए पुलिस अभिरक्षा में दी गई है।

जिला खनिज अधिकारी शिखर चेरपा ने बताया कि जिले के उक्त क्षेत्रों में खनिज जांच दल द्वारा 20 एवं 21 मई को निरीक्षण के दौरान अनिल मौर्य पोटानार वाहन टिप्पर सीजी 26 सी 0130, मंगलराम बड़ांजी वाहन टिप्पर सीजी 17 केआर 5210, अजय कुमार कश्यप उलनार वाहन टिप्पर सीजी 17 केजे 8611, महेश मौर्य सिंघनपुर वाहन हाईवा सीजी 17 केएक्स 9746, रामसाय बघेल तुसेल वाहन टिप्पर सीजी 17 एच 2767 तथा हिरण पुजारी कोटपाड वाहन हाईवा सीजी 17 केएन 7309 को गौण खनिज रेत के अवैध परिवहन-उत्खनन करते पाए जाने पर खनिज मय वाहनों को जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में सौंपते हुये वाहन मालिकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में जिला खनिज जाच उड़नदस्ता दल के खनि निरीक्षक श्री मिदुल गुहा तथा खनि सिपाही डिकेश्वर खरे, सीताराम, जलंधर बघेल एवं विकास नायक शामिल थे।

उपरोक्त प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज विकास और विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी। पूर्व में भी जिले के खनिज ठेकेदारों, खनिज उत्खननकर्ताओं और परिवहनकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि बिना वैध अभिवहन पास एवं वैध अनुमति के खनिजों का उत्खनन एवं परिवहन करना दण्डनीय अपराध है। इसके बावजूद उक्त कृत्य करने के परिणामस्वरूप यह दंडात्मक कार्यवाही की जा रही है। जिले में गौण खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के नियंत्रण के लिए सतत निगरानी रखी जाकर लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

# दुर्ग में पार्किंग ठेकेदार की हत्या, चाकू मारकर फरार हुए नकाबपोश बदमाश

### आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज




**दुर्ग।** कोतवाली थाना क्षेत्र में मंगलवार रात को पार्किंग ठेकेदार की हत्या कर दी गई। देर शाम शराब लेकर नदी की ओर जा रहे पार्किंग ठेकेदार पचरीपारा निवासी मंत्री यादव अपने साथी बलराम यादव के साथ एक्टिवा में जा रहा था। मोड़ पर मुंह पर कपड़ा बांधे अज्ञात बदमाशों ने रास्ता रोककर चाकू से मंत्री पर हमला कर दिया था। हमले के बाद उसे गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। इस मामले में कोतवाली पुलिस बुधवार दिनभर आरोपियों का सुराग खंगालने में लगी रही लेकिन कुछ पता नहीं चला। हत्या के तीसरे दिन गुरुवार को भी पुलिस के हाथ इस मामले में खाली हैं।

मिली जानकारी के अनुसार पचरी पारा निवासी मंत्री यादव दुर्ग बस स्टैंड में पार्किंग का ठेकेदार था। मंगलवर देर शाम वह अपने साथी बलराम यादव के साथ गंजपारा शराब दुकान पहुंचा और वहां से शराब लेकर नदी घाट की ओर जाने लगा। इसबीच मोड़ पर मुंह में कपड़ा बांधे बदमाशों ने चाकू मार दिया। इसके बाद वह गंभीर हालत में लगभग 300 मीटर दौड़ा और एक दुकान के सामने बेहोश हो गया। काफी देर बाद सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक मंत्री यादव के परिवार के सदस्यों के साथ ही वार्ड के लोग बड़ी संख्या में जिला अस्पताल पहुंच गए। देर रात अस्पताल के बाहर काफी हंगामा भी हुआ। लोगों की भीड़ को देखते हुए पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। मामले की गंभीरता को देखते हुए दुर्ग एसपी ने जल्द से जल्द आरोपियों की पतासाजी करने का निर्देश दिया। इसके बाद कोतवाली पुलिस व एसीसीयू टीमें लगातार आरोपियों की खोजबीन में लग गई। बुधवार को इस मामले में पुलिस ने कुछ संदेहियों को हिरासत में लिया है लेकिन अभी तक हत्या के मामले का खुलासा नहीं हो सका है।

### साजिश के तहत हत्या की आशंका

पुलिस को आशंका है कि पार्किंग ठेकेदार की हत्या एक साजिश के तहत की गई है। पुलिस को शक है कि हत्याकांड में दुर्ग शहर के एक बड़े हिस्ट्रीशीटर के परिवार का हाथ है। इस मामले में पुलिस ने इनके परिवार के कुछ सदस्यों को हिरासत में लिया है। नगर पुलिस अधीक्षक चिराग जैन ने बताया कि हत्या के मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा।

## पावर हाउस में करंट लगने से दो गायों की मौत, आधीं के कारण पोल पर दौड़ गई थी बिजली

**भिलाई।** पावर हाउस जवाहर मार्केट के सामने बीती रात करंट लगने से दो गायों की मौत हो गई। घटना छावनी थाना से कुछ ही दूरी पर हुई। बताया जा रहा है कि बुधवार शाम को तेज आंधी तूफान व बारिश के कारण पोल में करंट दौड़ रहा था और दोनों गाय इसकी चपेट में आ गई।



मिली जानकारी के अनुसार पावर हाउस जवाहर मार्केट के सामने छावनी थाना के पास एक बिजली पोल में अचानक बिजली दौड़ने लगी। इस दौरान दो गाय इसकी चपेट में आ गई। घटना रात लगभग 10 बजे के आसपास की है। आसपास के लोगों ने गायों की चीख सुनी तो मौके पर पहुंचे। तब तक दोनों गाय छटपटा रहे थे और कुछ ही देर में शांत हो गए। लोगों ने इसकी सूचना छावनी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलस ने बिजली विभाग को सूचना देकर बुलाया। बिजली बंद कर सुधार कार्य किया गया।

### सर्विस राइफल से हुआ फायर आईटीबीपी का एक जवान घायल

**नारायणपुर (ए.)।** जिले के जेलबाड़ी में तैनात आईटीबीपी 53 वीं बटालियन का जवान मनीष एमके सर्विस राइफल से दुर्घटनावश फायर हो गया जिससे उसके कंधे में गोली लग गई। इस घटना में घायल जवान को तत्काल इलाज के जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सेना के हेलीकाप्टर से रायपुर लाया गया। घायल जवान मनीष एम केरला प्रदेश के कोल्लम जिला का निवासी है। नारायणपुर के एडिशनल एसपी ने राबिंसन गुरिया घटना की पुष्टि की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आइटीबीपी के जवान को गोली उस वक्त लगी जब वह सर्विस राइफल सफाई कर रहा है, गोली लगने के बाद जवान फर्श पर गिर पड़ा। गोली की आवाज सुनकर दूसरे जवान घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा जवान लहूलुहान फर्श पर गिरा पड़ा है। आनन-फानन में जवान को नारायणपुर जिला अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायपुर के लिए रेफर किया गया है।

नशाखोरी के लिए किया मना तो दोनों के बीच बढ़ गया विवाद

# नशेड़ी बेटे ने की पिता की चाकू गोदकर की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर ( ए. )।** राजधानी रायपुर में एक नशेड़ी बेटे ने चाकू गोदकर अपने पिता की हत्या कर दी है। पिता ने बेटे को नशाखोरी करने के लिए टोका था जिसके चलते दोनों के बीच विवाद हुआ और बेटे ने पिता की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।



मिली जानकारी के अनुसार मामला गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के पार्वती नगर का है। पुलिस को बुधवार रात ढाई बजे के करीब सूचना मिली कि एक युवक ने अपने पिता पर चाकू से हमला कर दिया है जिसके बाद घायल को मेकाहारा अस्पताल ले जाया गया है। जहां उसकी मौत हो चुकी है। इस मामले में राज नायक ने पुलिस को बताया कि बुधवार की रात उसका आरोपी बड़ा भाई बसंत नायक बेटा उमेंद्र नायक के साथ मारपीट कर रहा था। बताया जा रहा है कि पिता ने उसे नशाखोरी करने के लिए टोक दिया जिससे वह नाराज था। इसी दौरान आरोपी ने अपने पास रखे चाकू से पिता के सीन और पसलियों पर वार कर दिया। जिससे वह जमीन पर लहूलुहान होकर गिर गए। इस खूनी लड़ाई के दौरान घर वालों ने बीच बचाव करने की कोशिश की। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। इसके बाद आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को इसके सूचना दी। घायल उमेंद्र नायक को मेकाहारा हॉस्पिटल लेकर गए। जहां जांच पड़ताल करने के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या की सूचना मिलते ही गुढ़ियारी पुलिस ने देर रात 3 बजे के करीब आरोपी के छोटे भाई की शिकायत पर स्त्र्ढ्ढक्र दर्ज कर लिया। इस मामले में पुलिस ने फरार आरोपी बसंत नायक को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया है।

## शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**रायपुर (ए.)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि बुधवार को 10वीं की नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने पहले सोशल मीडिया में नाबालिग से दोस्ती की, फिर उसे बहला फुसला कर राजधानी से बाहर गांव ले जाकर इस घटना को अंजाम दिया। मामला राखी थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी बिहार का रहने वाला बताया जा रहा है। नाबालिग से उसने इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती की। दोनों में अक्सर बात-चीत होती थी। कुछ दिन बाद आरोपी नाबालिग से मिलने के लिए रायपुर पहुंचकर विवाह का प्रलोभन देकर उसे तिल्दा ले गया। वहां आरोपी ने पीड़िता के साथ 4 दिनों तक दुष्कर्म किया। 4 दिनों के बाद आरोपी नाबालिग को छोड़कर भाग गया। इसके बाद नाबालिग किसी तरह वापिस अपने घर लौटकर अपने परिवार वालों को पूरी जानकारी दी। पीड़िता के परिजनों ने राखी थाना में मामले में एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने अपहरण, पाक्सो और दुष्कर्म की धारा के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।

## नाबालिक लड़की को अपहरण कर दैहिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सूरजपुर ( ए. )।** सूरजपुर रामानुजनगर पुलिस ने नाबालिक लड़की को अपहरण कर दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया रामानुजनगर ब्लॉक के पतरापाली निवासी ऋषि पटेल के द्वारा 17 वर्षीय नाबालिक लड़की को भगा कर जबरन दैहिक शोषण किया जा रहा था। लड़की परिवार के द्वारा थाना रामानुजनगर में जानकारी दिया गया। जिस पर पुलिस के द्वारा अपहरण का मामला पंजीबद्ध कर आरोपी ऋषि पटेल के घर से बरामद किया। और लड़की को सखी सेंटर भेज दिया लड़की के ब्यान पर आरोपी के विरुद्ध 376,पास्को एक्ट की धारा के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजा गया।















## खास - खबर



### आईआईटी भिलाई और सीजी एमएफपी फेडरेशन के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

**भिलाई।** आईआईटी भिलाई ने बुधवार को परिसर में आयोजित बैठक में छत्तीसगढ़ लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। आईआईटी भिलाई, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित एक शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थान है, और सामाजिक रूप से प्रासंगिक मुद्दों पर R&D करने के लिए विशेषज्ञता और सुविधाएं हैं। एमएफपी फेडरेशन छत्तीसगढ़ राज्य में शीर्ष संगठन है, जो राज्य में लघु वन उपज क्षेत्र के प्रबंधन, विकास और व्यापार से संबंधित सभी पहलुओं के लिए जिम्मेदार है।

आईआईटी भिलाई की ओर से अनुसंधान एवं विकास के डीन, प्रोफेसर संतोष बिस्वास ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जबकि एमएफ्पी फेडरेशन की ओर से एमएफपी फेडरेशन के कार्यकारी निदेशक मणिवासगन एस ने हस्ताक्षर किए। बैठक में आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रोफेसर राजीव प्रकाश और एमएफ्पी फेडरेशन के अतिरिक्त प्रबंध निदेशक बी आनंद बाबू भी उपस्थित थे। समझौता ज्ञापन में छत्तीसगढ़ में जनजातीय समुदायों के साथ एमएफ्पी फेडरेशन के काम से संबंधित समस्याओं और मुद्दों पर सहयोगात्मक अनुसंधान की परिकल्पना की गई है। दोनों संगठनो द्वारा संयुक्त रूप से पाई गई समस्याओं पर अनुसंधान परियोजनाएं विकसित करेंगे और कार्यक्षेत्र में सुलभ और उत्तरदायी प्रौद्योगिकियों को इनक्यूबेट करने की दिशा में काम करेंगे, जो स्वदेशी जनजातीय ज्ञान के संरक्षण में भी मदद करेगा।

### ईव्हीएम, वीवीपैट, डाकमत पत्र एवं अन्य दस्तावेजों के सिलिंग कार्य के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन - 2024 संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग के मतगणना तिथि 04 जून 2024 को मतगणना परिणाम घोषित होने उपरांत तत्काल ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट तथा डाकमत पत्र एवं अन्य दस्तावेजों का सिलिंग कार्य शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, जुनवानी भिलाई में किया जायेगा। इस संबंध में 27 मई 2024 को भिलाई इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) दुर्ग के मेकेनिकल ब्रांच ब्लॉक डी कक्ष क्रमांक 101 में प्रातः 11 बजे से संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। संबंधित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को उपस्थित होना अनिवार्य है। आदेशानुसार सभी अधिकारी-कर्मचारियों को परिचय पत्र हेतु पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य रूप से लाने कहा गया है। समय पर उपस्थित नहीं होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### बोरिया गेट पर जाम के साथ हादसे का भी खतरा

**भिलाई।** बीएसपी में बोरिया गेट के सामने प्रबंधन द्वारा की गई व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। भारी वाहन पार्किंग की जगह सड़कों पर खड़े हो रहे हैं। जिसके कारण सड़क पर जाम की स्थिति बन रही है। कर्मचारियों को जान जोखिम में डालकर ड्यूटी जाना पड़ रहा है। इसे लेकर स्टील इम्प्लाइज यूनियन इंटक के सेक्टर-3 स्थित कार्यालय में हुई बैठक में पदाधिकारियों ने चिंता जताई।

सचिव आरिफ मंजर ने कहा कि बोरिया गेट की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। ट्रांसपोर्टरों के सामने बीएसपी प्रबंधन असहाय प्रतीत हो रहा है। प्रबंधन द्वारा बोरिया गेट पर इतना पैसा खर्च करने के बाद भी वहां जाम लगा रहता है। महासचिव वंश बहादुर सिंह ने बताया कि बोरिया गेट पर ट्रकों के कारण हो रही परेशानियों को देखते हुए बीएसपी प्रबंधन के साथ बैठक हुई थी।

# बारिश पूर्व की तैयारी : भिलाई, दुर्ग व रिसाली निगम क्षेत्र के तालाबों व नालों की सफाई शुरू

## भिलाई निगम क्षेत्र में वर्षाऋतु को ध्यान मे रखते हुए नहर-नालियो का वृहद सफाई अभियान


श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में बरसाती पानी के बहाव के लिए बनाये गये छोटे बड़े नहर, नालियो एवं तालाबो की सफाई सभी जोन क्षेत्र में वृहद स्तर पर कराया जा रहा है, जिससे बरसाती पानी का बहाव ठीक ढंग से सके। निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम के अधिकारी कर्मचारियो को निर्देश दिये है कि आगामी वर्षाऋतु में बरसाती पानी का जमाव न हो तथा नागरिको को कोई असुविधा न हो इसके लिए भिलाई शहर के छोटे बड़े नहर, नालियो एवं तालाबो की सफाई का कार्य समय सीमा में पूर्ण करें।



निगम के नेहरू नगर, वैशालीनगर, मदर टेरेसा नगर, खुर्सीपार के जोन आयुक्त अपने अपने क्षेत्रो के नहर, नालियो एवं तालाबो का बरसात पूर्व सघन सफाई हो सके, नाली की सफाई मेनुअल जे.सी.बी. द्वारा, गहरे नालो की सफाई चैन माउंटिंग द्वारा किया जा रहा है। इस बात का ध्यान दिया जा रहा है कि जो भी कचरा एकत्रित हो उसे उसी दिन हटा लिया जावे। जिससे आम नागरिको को परेशानी न हो। जिससे बरसाती पानी अथवा तालाब भरन के दौरान बेतरतीब बहने वाले पानी का जल जमाव न हो। निचली बस्तीयो में बरसात का पानी न भरे तथा जल जमाव से होने वाले बिमारी जैसे डायरिया, पीलिया, मलेरिया न फैसे। साथ ही घनी आबादी क्षेत्र में मच्छर की रोकथाम के लिए मेलाथियान एवं धुएँ का छिड़काव भी किया जा रहा है तथा गढ़्ढे में जमे पानी पर जला आईल का छिड़काव भी किया जा रहा है। सफाई अभियान में काम कर रहे कर्मचारियों की का कहना है कि हम लोग नालियों की सफाई करके आते हैं स्थानीय निवासियों द्वारा उसमें दोबारा कचरा डाल दिया जाता है आयुक्त नगर निगम भिलाई में सभी नागरिकों से सहयोग हेतु अपील की है कि नालियों में कचरा मत डालें कचरे को अलग-अलग गीला कचरा सूखा कचरा अलग-अलग करके रोज सुबह आने वाले रिक्शा वाले सफाई की सफाई कर्मचारी को देवें गीले कचरे से खाद बन जाएगा सूखे कचरे का करके उपयोग किया जा सकता है। आयुक्त ध्रुव एवं स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा स्वयं प्रतिदिन मैदानी क्षेत्रो में भ्रमण कर सफाई किये जा रहे क्षेत्रो का मानिटरिंग कर रहे तथा आवश्यकतानुसार दिशा निर्देश भी दे रहे है कि किस प्रकार सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से चले।

## बारिश से पूर्व की तैयारी : नोटिस के बाद भी नाली से नहीं हटाया निर्माण सामाग्री, निगम ने किया जब्त



**रिसाली।** नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा ने भवन निर्माण की आड़ में नाली के ऊपर सामाग्री रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए है। निगम कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए रूआबांधा से निर्माण सामाग्री ईट, रेत को जब्त भी किया। वहीं स्वास्थ्य विभाग ऐसे लोगों की सूची तैयार कर रहा है जो निर्माण सामाग्री को नाली पर रख पानी निकासी को अवरूद्ध कर दिया है।

निगम आयुक्त ने बारिश के पहले नाला और मुख्य नाली की सफाई प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए है। मुख्य नाला की सफाई चैन माउंटेन मशीन से की जा रही है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि पानी निकासी के संसाधन में आड़े आने वाले के खिलाफ निगम सख्ती से पेस आए। इसी तारतम्य में निगम कर्मियों ने वार्ड 3 निवासी अखिलेश जैन को नाली पर से भवन निर्माण सामाग्री हटाने के नोटिस का हल्के में लेने से जब्ती कार्रवाई की।

आयुक्त मोनिका वर्मा नाला सफाई कार्य का निरीक्षण की। प्रगति नगर नाला का सफाई कार्य देखी। उन्होंने निर्देश दिए कि नाला से बड़ा-बड़ा पत्थर भी निकाले। ताकि पानी निकासी अच्छे से हो। मॉर्निंग विजिट करते आयुक्त मोनिका वर्मा सीधे प्रगति नगर सड़क 8 पहुंचे। यहां निर्माणधीन मकान का भवन निर्माण सामाग्री नाली पर रखना पाया गया। उन्होंने राजस्व विभाग को तत्काल मकान मालिक की खोजबीन कर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। नाली जाम होने की वजह से पानी निकासी का संसाधन पूरी तरह से अवरूद्ध हो चुका है।

## आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने शीतला तालाब की देखी सफाई व्यवस्था

**दुर्ग।** आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा नगर निगम क्षेत्र में बारिश के पूर्व तालाबों की सफाई के अभियान का प्रतिदिन नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। आज इस क्रम में नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 59 के तहत शीतला तालाब की सफाई अभियान निरीक्षण के बाद उन्होंने पुलगांव स्थित तालाब की सफाई के साथ कर रहे गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। बारिश पूर्व बरसाती पानी को बचाने की कवायद शुरू हो गई है।वार्ड क्रमांक 55 पुलगांव के तालाब की गहरीकरण का कार्य शुरू हो गया है।बता दे कि वार्ड क्रमांक 55 में स्थित तालाब के पानी को निकाल कर गहरीकरण का कार्य स्थानीय पार्षद एवं जन सहयोग के माध्यम से किया जा रहा है।इस दौरान आयुक्त ने तालाब के आस पास लगी हुई झाड़ियां की कटिंग आदि करने के निर्देश दिये।तालाब गहरीकरण कार्य शुरू हो गया हैं।ताकि बारिश की पानी को सहजा जा सके। नगर निगम ने द्वारा लगातार शहर के तालाबों का निरीक्षण किया जा रहा है।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के साथ किया।नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा शीतला तालाब में विगत 2- 3 दिनों से प्रतिदिन सफाई अभियान कार्य प्रगति पर है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने तालाब की वर्तमान सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया एवं इसी प्रकार तालाब की सफाई व्यवस्था समाज हित में पर्यावरण संरक्षण हेतु कायम रखा जाना सुनिश्चित करने कहा।आयुक्त ने सभी सफाई दरोगा को नगर निगम सीमा क्षेत्र स्थित सभी तालाब की जोन स्तर पर वर्षा पूर्व समाज हित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से सुव्यवस्थित सफाई करवाने के निर्देश दिये है। नगर निगम क्षेत्र के तालाबों को संवारने का काम किया जा रहा है। इसी के तहत बारिश पूर्व बारी-बारी शहर के सभी तालाबो की साफ-सफाई के निर्देश अधिकारी को दिए।उल्लेखनीय है कि आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने दुर्ग निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले तालाबों को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करने व वहां उन्होंने तालाब के आसपास के पूरे परिसर की सघन सफाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा तालाब परिसर के आस पास विशेष सफाई कर पौधे लगाए ताकि पौधे बड़े होकर छांव प्रदान करे।उन्होंने प्रतिदिन शहर क्षेत्र के सभी तालाबो के आसपास के क्षेत्र की सघन सफाई करने की बात कही।और कहा कि तालाबो की साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखें ताकि घूमने आने वालों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।



## भिलाई चेम्बर ने निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन, मानसून से पहले सभी बाजारों में नालियों की सफाई की रखी मांग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकामर्स एंड इंडस्ट्री के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन के नेतृत्व में मंगलवार को चेम्बर का प्रतिनिधि मंडल ने निगम आयुक्त से मुलाक़ात की। इस दौरान मानसून से पहले भिलाई निगम क्षेत्र के सभी बाजारों में नालियों की सफाई दुरुस्त करने की मांग रखते हुए ज्ञापन सौंपा गया।

निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए चेम्बर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि प्री मानसून के पहले सभी प्रमुख बाज़ारो की नालियों की सफाई ढंग से करा दी जाए जिससे मानसून के दौरान नालियों मे जाम या जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही सड़क के किनारे लगे जर्जर होर्डिंग्स को भी तत्काल हटाने की कार्रवाई की जाए ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।



इस मौके पर सुपेला के चेम्बर प्रभारी विनय सिंह ने बताया कि अंडरब्रिज सुपेला के तरफ रोड़ पर लगने वाले ठेले और अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। दक्षिण गंगोत्री और ओवरब्रिज के बीच की नालियों पर दो -तीन पॉइंटो पर मार्केट क़ो रोड़ से जोड़ा जाए, ताकि ग्राहकों को दिक्कतें न हों। इसके अतिरिक्त अनेक मूलभूत समस्याओ पर आयुक्त महोदय का ध्यान आकर्षित करवाया गया। चेम्बर के ज्ञापन पर आयुक्त देवेश ध्रुव ने आश्वस्थ किया कि जल्द इस पर कार्रवाई होगी। आयुक्त से मिलने वालों में प्रमुख रूप से पवन जिंदल, रितेश अग्रवाल, सुनील मिश्रा, बंटी, विशाल छाबड़ा आदि शामिल रहे।

## एसएमएस 2 मिक्सर का रिकॉर्ड प्रदर्शन: सुरक्षा के साथ करते हुए 66 लैडल उत्पादन किया हासिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के एसएमएस 2 मिक्सर ने महाप्रबंधक कन्वर्टर (प्रचालन) जी रविकांत और शिफ्ट प्रभारी व सहायक प्रबंधक मिक्सर बी लोकराजू के नेतृत्व में दक्षता और क्षमता का प्रदर्शन करते हुए प्रथम पाली में 66 लैडल उत्पादन हासिल करके एक नया रिकॉर्ड बनाया। 30 दिसंबर, 2022 को स्थापित 63 लैडल उत्पादन के पिछले रिकॉर्ड को पार कर यह उपलब्धि हासिल की गई। एसएमएस 2 टीम ने असाधारण कौशल और समन्वय का प्रदर्शन किया, जिससे सुचारू हैंडलिंग और प्रसंस्करण सुनिश्चित हुई। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-2) एस के घोषाल ने एसएमएस-2 बिरादरी के प्रयास की सराहना की और कहा कि यह उपलब्धि योजनाबद्ध कार्यशैली और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है।




उल्लेखनीय है कि यह रिकॉर्डतोड़ उपलब्धि सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करते हुए हासिल की गई। एसएमएस 2 टीम ने पूरी प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा पर विशेष ध्यान केंद्रित किया और यह सुनिश्चित किया कि हर प्रक्रिया बिना किसी दुर्घटना के पूर्ण हो। सुरक्षा के प्रति टीम की प्रतिबद्धता न केवल परिचालन उत्कृष्टता बल्कि इसमें शामिल सभी कर्मियों के समर्पण को दर्शाती है। इस उपलब्धि के लिए संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता और कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) श्री अंजनी कुमार ने एसएमएस-2 टीम को बधाई प्रेषित की है।

# मतगणना 4 जून को, कलेक्टर ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

## श्री शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज जुनवानी भिलाई के 300 मीटर की परिधि तक लागू रहेगा आदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग नईदिल्ली द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतगणना का कार्य 04 जून 2024 को संपन्न होगा। जिले में लोक शांति बनाए रखने तथा निर्वाचन प्रक्रिया निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु मतगणना केन्द्र श्री शंकराचार्य इंजीनिरिंग कॉलेज जुनवानी भिलाई जिला दुर्ग के 300 मीटर की परिधि तक अवैधानिक कृत्य प्रतिबंधित रहेगा। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 07 दुर्ग में 07 मई 2024 को मतदान संपन्न हो चुका है। 4 जून को मतगणना का कार्य श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जुनवानी भिलाई के भवन में प्रातः 8:00 बजे से किया जाएगा।



कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 1973 के अंतर्गत धारा 144 (1) एवं (2) के तहत् प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किया है। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार जिले के अंतर्गत मतगणना केन्द्र श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जुनवानी भिलाई के 300 मीटर की परिधि पर कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का घातक अस्त्र-शस्त्र जैसे बंदूक, रायफल, भाला, बल्लम, बरछा, लाठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर मतगणना स्थल पर नही जाएगा। कोई भी राजनीतिक दल या या अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता, मतगणना अभिकर्ता सशस्त्र जुलूस नही निकालेगा और न ही आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करेगा, न ही चस्पा करेगा। जिले के अंदर मतगणना केन्द्र के आस-पास कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के न तो कोई सभा करेगा, न कोई रैली या जुलूस निकाल सकेगा और न ही कोई धरना देगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले समूह व व्यक्ति के विरूद्ध धारा 188 भारतीय दण्ड संहिता के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। प्रकरणों के तथ्यों एवं परिस्थितियों को देखते हुए इस आदेश के संबंध में संबंधितों को सूचना पत्र जारी कर सुनवाई सम्यक रूप से संभव नहीं हैं, यह आदेश एक पक्षीय पारित किया गया है।

### इन लोगों पर लागू नहीं होगा यह आदेश

यह आदेश उन व्यक्तियों पर लागू नही होगा जिन्हें निर्वाचन कार्य को संपादन करने, मतगणना से संबंधित कार्य हेतु अधिकृत व्यक्ति (पासधारी) एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने हेतु अधिकारी-कर्मचारी व सुरक्षा बल को नियुक्त किया गया है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा जिन्हें शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था तथा लंगड़ापन होने के कारण सहारे के रूप में लाठी रखना आवश्यक होता है। यह आदेश मतगणना दिनांक 4 जून को प्रातः 6 बजे से लोकसभा निर्वाचन कार्य मतगणना संपन्न होते तक की अवधि के लिए दुर्ग जिले में स्थापित मतगणना स्थल श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जुनवानी भिलाई में प्रभावशील रहेगा।

## ई-श्रम कार्डधारी पात्रतानुसार राशनकार्ड बनवाने स्थानीय निकाय से करें संपर्क

### जिले के 13 हजार 276 ई-श्रम कार्डधारियों में से 3 हजार 279 का बना राशनकार्ड

**दुर्ग।** जिले में 13 हजार 276 व्यक्ति ई-श्रम कार्डधारी के रूप में चिन्हांकित है, जिन्हें प्राथमिकता राशनकार्ड कार्ड की पात्रता है। शासन के निर्देशानुसार ई-श्रम कार्डधारियों द्वारा अपने परिवार के सदस्यों का आधार कार्ड, ई-श्रम कार्ड एवं बैंक खाते की जानकारी राशनकार्ड हेतु निर्धारित आवेदन पत्र के साथ अपने क्षेत्र के स्थानीय निकाय- शहरी क्षेत्र में नगर निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत एवं ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायतों में उपलब्ध कराये जाने पर उन्हें पात्रतानुसार राशनकार्ड जारी किया जायेगा।

खाद्य नियंत्रक से मिली जानकारी के अनुसार चिन्हांकित ई-श्रम कार्डधारियों में से अब तक जिले में 3 हजार 279 का राशनकार्ड बनाकर प्रदाय कर दिया गया है। शेष बचे चिन्हांकित ई-श्रम कार्डधारी से अपील की गई है कि वे स्थानीय निकाय से संपर्क कर अपना राशनकार्ड शीघ्र बनवा लें या परिवार को जारी राशनकार्ड में अपना नाम जुड़वा सकते है। यदि उन्हें पहले से राशनकार्ड जारी है तो अपने निकटतम शासकीय उचित मूल्य दुकान में राशनकार्ड की जानकारी उपलब्ध करायें। राशनकार्ड हेतु आवेदन पत्र एवं जानकारी नही प्रस्तुत करने पर यह माना जावेगा कि उनके परिवार में राशनकार्ड बना हुआ है एवं उनका नाम राशनकार्ड में अंकित है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950